

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-300 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## वक्फ बिल पर बनी जेपीसी ने लोकसभा स्पीकर को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली,30 जनवरी।** वक्फ संसोधन विधेयक को लेकर संयुक्त संसदीय समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंप दिया है. जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने संसद भवन कार्यालय में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर समिति की रिपोर्ट सौंपी. केंद्र सरकार 1 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में विधेयक पेश कर सकती है. केंद्र सरकार बजट सत्र में वक्फ संशोधन बिल लाने की तैयारी कर रही है. बजट सत्र में बिल पेश होने के कयासों पर अब विराम लग गया है. वक्फ पर बनी संयुक्त संसदीय समिति ने रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर को सौंप दिया है. जेपीसी ने 29 जनवरी को बहुमत के आधार पर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था. दिल्ली में दो दिनों तक चली जेपीसी के बैठक में पैनल ने सत्ता पक्ष के 14 संसोधनों का शामिल किया. विपक्ष ने इस कवायद को वक्फ बोर्ड को खत्म करने की कोशिश बताया था. विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने मसौदा कानून पर रिपोर्ट को 15-11 के बहुमत से स्वीकार कर लिया है. बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति नोट प्रस्तुत किए. इसके लेकर BJP के सदस्यों ने जोर देकर कहा कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास है. वहीं, विपक्ष ने इसे मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला और वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप बताया.बता दें कि 8 अगस्त 2024 को वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया गया था. विपक्षी दलों ने इस विधेयक में प्रस्तावित संसोधनों को मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों का उल्लघंन का हवाला देते हुए इसकी कड़ी आलोचन की थी. वहीं सत्ताधारी बीजेपी ने ये संसोधन वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की बात कही थी. बिल पेश होने तुरंत बाद इसे जेपीसी में भेज दिया गया था.

**बजट सत्र में पेश होगा विधेयक**

### महाकुंभ भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**प्रयागराज,30 जनवरी।** महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिका में महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए उचित प्रबंधन की मांग की गई है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए सुविधा केंद्रों की स्थापना की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, वीआईपी मूवमेंट को प्रतिबंधित करने और प्रवेश तथा निकास के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। यह याचिका वकील विशाल तिवारी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र हो या प्रयागराज यातायात न रुके, बाहर जाने का मार्ग रुकना नहीं चाहिए। एक-एक श्रद्धालु को सुरक्षित पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। प्रयागराज के सभी स्टेशनों पर ज्यादा भीड़ इकट्ठा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## संक्षेप

### भाजपा ने जारी की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों की सूची

**गरियाबंद,30 जनवरी।** भाजपा ने गरियाबंद जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है, जिसमें नए चेहरों को मौका दिया है. जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों की सूची में चंद्रशेखर साहू को छोड़कर 10 नए प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है. इस बार पार्टी ने गरियाबंद व देवभोग की महिला जनपद अध्यक्ष को जिला पंचायत से मैदान में उतारा है. जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा ने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है. जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने बताया, क्षेत्र क्रमांक 1 से नंदनी कोमल ढीढी, क्रमांक 2 से नंदनी ओंकार साहू को मौका दिया गया है. वहीं क्रमांक 3 से पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्र शेखर साहू को दोबारा मैदान में उतारा गया है. जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से लेखुराम धुर्वा, क्रमांक 5 से शिवांगी चतुर्वेदी को टिकट दिया गया है. क्षेत्र क्रमांक 6 से गरियाबंद जनपद अध्यक्ष रही लालिमा पारस ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है. क्रमांक 7 से मुकेश बिसेन, क्रमांक 8 से श्रुति ध्रुवा, क्रमांक 9 से गौरी शंकर कश्यप, क्रमांक 10 से देवभोग जनपद अध्यक्ष रही नेहा सिंघल और क्षेत्र क्रमांक 11 से शोभा चंद पात्र को प्रत्याशी बनाया गया है.

### 26 तोतों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद,30 जनवरी।** वन मंडल ने आज तोता तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. गरियाबंद से 26 तोते तस्करी करने रायपुर जा रहे शख्स को विभागीय अधिकारियों ने धर दबोचा है. वन विभाग ने आरोपी



के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, वन विभाग को लगातार गंगा सिंह तोते बेचने की शिकायतें मिल रही थीं. वहीं इन दिनों ब्रीडिंग सीजन के दौरान तोते की तस्करी में भारी बढ़ोतरी होती है. आज गरियाबंद निवासी आरोपी गंगा सिंह बघेल 26 तोते लेकर छुरा होते हुए रायपुर जा रहा था, तभी वन विभाग की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इस अवैध कारोबार को अपने पारिवारिक धंधे के रूप में कर रहा था. आरोपी ने पीपरछेड़ी, गोडलबाय और दांतबाय कला क्षेत्रों से तोते एकत्रित किए थे. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

### नशे में ड्राइवर ने झाड़ियों में घुसा दी बस

**अंबिकापुर,30 जनवरी।** नेशनल हाईवे 43 पर यात्रियों से भरी बस हादसे की शिकार होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. बस अनियंत्रित होकर सड़क छोड़कर झाड़ियों में जा घुसी. बस में करीब 100 यात्री सवार थे.



इस हादसे में यात्री बाल-बाल बचे. यह घटना रघुनाथपुर चौकी क्षेत्र के ह॥ 43 सड़क पर ग्राम गंगापुर के पास देर रात हुई. बताया जा रहा कि ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ. जानकारी के मुताबिक, बदन बस रायगढ़ से बिहार सासाराम जा रही थी. ढाबा में खाना खाने बस को रोकी गई. इस दौरान वाहन चालक ने शराब पिया, फिर बस में यात्रियों को बैठाकर गाड़ी आगे बढ़ाया, इस दौरान गंगापुर गांव के पास ड्राइव ने अपना नियंत्रण होकर बस को झाड़ी में घुसा दी. हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है.

## धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी गोलछा का नामांकन रद्द

रायपुर,30 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़



धमतरी। धमतरी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस द्वारा मेयर प्रत्याशी के रूप में घोषित विजय गोलछा का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है, जिससे भाजपा के प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा के लिए रास्ता आसान हो गया है। गोलछा, जो नगर निगम के ठेकेदार हैं, पर आपत्तियां थीं कि उन्होंने अपनी उच्च मास्क लाईट सप्लाई से संबंधित भुगतान की जानकारी छिपाई थी। भाजपा ने इस मुद्दे को उठाया और शिकायत की, जिसकी जांच के बाद कलेक्टर नम्रता गांधी ने विजय गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया।

अब इस सीट पर भाजपा की जीत की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं, हालांकि निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। स्थिति उस समय असहज हो गई जब, धमतरी विधायक ओंकार साहू अचानक निगम के सभाकक्ष के सामने धरने पर बैठ गए थे। उनके साथ कई कांग्रेसियों ने भी धरना शुरू कर दिया था। दरअसल महापौर के कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन पर भाजपा ने आपत्ति लगाई थी। इसी पर रिटर्निंग अफसर का फैसला आना था। इस बीच विधायक भी निगम के सभाकक्ष के अंदर जाना चाह रहे थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। इसी से नाराज होकर ओंकार साहू धरने पर बैठ गए और प्रशासन की नीयत पर सवाल खड़े करने लगे।

टिकिट वितरण से नाराज कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता व पूर्व पार्षद जहां पार्टी छोड़ रहे हैं वहीं घोषित अधिकृत प्रत्याशी नामांकन फार्म जमा करने के बाद चुनाव मैदान से भाग रहे हैं। वे अपना नाम वापस ले रहे हैं। कई वार्डों में तो कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिलने की खबर है। राजधानी के पड़ोसी शहर दुर्ग नगर निगम के वार्ड 21 से कांग्रेस प्रत्याशी मीरा सिंग ने नामांकन वापस लेकर भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंग को वॉक ओवर दिया है। अब कांग्रेस मीरा पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी में है। इसी तरह कोरबा में कांग्रेस प्रत्याशी हरीश कुमार ने नाम वापस ले लिया है। बस्तर में बारसुर में कांग्रेस को वार्ड एक से प्रत्याशी नहीं मिलने से भाजपा की गीता बघेल निर्विरोध जीत गई हैं। कटघोरा में वार्ड 13 में भाजपा की शिवमती ने निर्विरोध जीत हासिल की है। दुर्ग में वार्ड 13 से भाजपा के रमेश पटेल की जीत की खबर है। जानकारी के अनुसार नरेंद्र इससे पहले भी पार्षद थे। उन्होंने कोरबा के वार्ड नंबर 18 से नामांकन भरा था। कांग्रेस ने यहां से हरीश कुमार को टिकट दी थी। यहां से केवल दो प्रत्याशी ही मैदान में थे। मगर ऐनवक्त पर कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन फॉर्म वापस ले लिया। इस तरह नरेंद्र देवांगन निर्विरोध चुनाव जीत गए। उधर, कोरबा जिले की ही नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्ड 13 जुराली में बीजेपी उम्मीदवार शिवमति पटेल के अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा। यहां से कांग्रेस ने सीतादेवी पटेल को प्रत्याशी बनाया था। कटघोरा के वार्ड 13 जुराली में बीजेपी उम्मीदवार शिवमति पटेल के अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा। यहां से कांग्रेस ने सीतादेवी पटेल को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन पटेल जाति के समाज की बैठक में यह तय किया गया कि बीजेपी प्रत्याशी शिवमति पटेल को पार्षद बनने का मौका दिया जाए, जिससे बीजेपी की जीत सुनिश्चित हो गई।

**» चुनावी मैदान से भागे कई कांग्रेस प्रत्याशी**

## माओवादियों ने हिडमा को किया बाहर

रायपुर,30 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

सुरक्षाबल के लगातार बढ़ते दबाव के बीच माओवादियों ने नेतृत्व में परिवर्तन किया है. सबसे बड़ी बात यह है कि माओवादियों की सर्वोच्च संस्था सेंट्रल कमेटी में करीब एक दर्जन सदस्य हैं, लेकिन माड़वी हिडमा अब उनमें शामिल नहीं है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल मुक्त भारत के लिए मार्च 2026 की समय सीमा तय की है. इस समय सीमा के हिसाब से सुरक्षाबल अपने काम को अंजाम भी दे रहे हैं. लगातार धराशाई किए जा रहे छोटे-बड़े रैंक के नक्सलियों की वजह से सेंट्रल कमेटी का नए सिरे से गठन किया गया है. एक अधिकारी के अनुसार, वरिष्ठ माओवादी रामचंद्र रेड्डी उर्फ चलपति से जुड़ी हालिया मुठभेड़ से पहले तैयार किए गए डोजियर में उसे 12वें स्थान पर दिखाया गया था. हालांकि, अधिकारी ने कहा कि वह वास्तव में सेंट्रल कमेटी में शीर्ष 10 वरिष्ठ माओवादियों में से एक था. वहीं सेंट्रल कमेटी में सबसे युवा नक्सली 54 वर्षीय पतिराम मांझी है, जिसके सिर पर 1 करोड़ रुपये का इनाम है.पहले हिडमा केंद्रीय समिति को प्रभावित करने वाली प्रमुख आवाज़ों में से एक था.



लेकिन उसे समिति में स्थान नहीं दिया गया है, लेकिन अभी वह 40 के दशक में ही है, इसलिए आने वाले दिनों में बदलाव हो सकता है. इनपुट बताते हैं कि 2017 के सुकमा हमले के बाद उसे पदोन्नत करते हुए बहुत महत्वपूर्ण पद पर रखा गया था. जानकारी के अनुसार, केंद्रीय समिति के साथ-साथ पूर्वी ब्यूरो में भी बदलाव हुए हैं. इस बीच केंद्रीय और राज्य दोनों की जानकारी के आधार पर मास्टर डोजियर से पता चलता है कि उत्तरी ब्यूरो- जिसमें पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्य शामिल हैं- में भी कुछ बदलाव हुए हैं, एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया. इसी तरह, माओवादियों की केंद्रीय सैन्य समिति में 70 वर्ष से अधिक आयु के सदस्य शामिल हैं, सबसे कम उम्र का सदस्य 71 वर्ष का है. इनमें से कुछ कथित तौर पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, सूत्रों ने यह भी कहा कि केंद्रीय समिति के कुछ सदस्य भी अब पिस्तौल और पुरानी कार्बाइन लेकर चल रहे हैं. माओवादियों के पास पहले से ही हथियारों की भारी कमी है. मिशिर बेसरा, गणपति, चंद्री और अन्य जैसे नेता अब एके-47 या कोई अन्य स्वचालित हथियार नहीं रखते हैं.

## अवैध बांग्लादेशियों-रोहिंग्या पर होगी कानून सम्मत कार्रवाई:साव

रायपुर,30 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास में कहा कि, रायपुर में अवैध तरीके से निवासरत लोगों के चलते कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थित निर्मित हो रही है। प्रदेश में अन्य प्रकार की समस्याएं इनके कारण होती है। ये आम लोगों के लिए खतरा है। ये लोग कानून व्यवस्था के लिए खतरा है। इन अवैध लोगों की कोई आइडेंटिटी नहीं है ये कहा से, कौन है। इन सब बातों पर प्रशासन ने ध्यान देकर गंभीरता बरती है। और जो भी अवैध रूप से रह रहे होंगे उन पर निश्चित ही कार्रवाई होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने हिंदू मुस्लिम के सवाल पर कहा कि, ये कांग्रेस का रटा रटाया आरोप है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या के खिलाफ लंबे समय से कार्रवाई चल रही है। हर चीज को चुनाव से जोड़कर देखना कांग्रेस की आदत हो गई है। जबकि ये कानून व्यवस्था, राज्य और आम लोगों की सुरक्षा का मामला है। प्रशासन बांग्लादेशी और रोहिंग्या पर कार्रवाई कर रही है। यहां अवैध तरीके से रह रहे होंगे तो निश्चित ही कानून सम्मत कार्रवाई होगी। झूठे वादे के सवाल पर पलटवार करते हुए श्री साव ने कहा कि, राहुल



गांधी की झूठी बातों और वादों का प्रमाण छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता ने बार - बार दिया है। उन्होंने 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव में झूठा वादा किया था, उसे पूरे देश ने देखा है। वास्तविता यह है कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति भारत ही नहीं, विश्व में विश्वनीयता है। वहीं कांग्रेस तो समाप्ति को ओर जा रही है। आप नेता अरविंद केजरीवाल के यमुना के जल को जहरीली बनाने के आरोप पर कहा कि, हरियाणा के मुख्यमंत्री खुद यमुना के जल को पिया, इससे अच्छा प्रमाण और कुछ नहीं हो सकता है कि वे झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के लोग एक हो जाते हैं और कभी एक दूसरे के खिलाफ बोलते हैं। इनकी विश्वसनीयता समाप्त हो गई है। ये झूठे है यह भी प्रमाणित हो गया है। उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, रायपुर प्रदेश की राजधानी है और यहां कैसे कांग्रेस प्रत्याशी होने चाहिए। जनता उन्हें जाने तो वह कौन है, वह अबतक क्या किया और आगे क्या करेंगे। एक राजनैतिक कार्यकर्ता मैदान में उतरे। महिला विरोधी कौन है यह कई बार प्रमाणित हुआ है। जिनके कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरक्षित ना, वह हमें महिला अपमान का पाठ ना पढ़ाएं। वास्तव में महिला विरोधी कांग्रेस है।

### नाकामियां छुपाने भाजपा लगा रही आरोप : बैज

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा है कि संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए. सालभर से सरकार चला रहे हैं. सालभर में अपराध कंट्रोल नहीं हो पाया है. प्रदेश में क्राइम लगातार बढ़ रहा है. अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा सरकार पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगा रहे. बैज ने कहा, अन्य राज्य से अपराध यहां पैर पसार चुका है. अपराध पर लगाम लगाने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए.

## टामन सोनवानी का साला व उसकी पत्नी भी गिरफ्तार

**रायपुर 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला मामले के आरोपी टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी संगीता जोशी को गिरफ्तार किया है।



आरोप है कि देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी ने अलग-अलग विभागों में नौकरी लगाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी की है। रायपुर के सिविल लाईन थाना पुलिस फिलहाल दोनों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार देवेंद्र जोशी से सीजीपीएससी के बड़े अधिकारियों से परिचय बताकर लोगों को अपने झांसे में लेता था और ठगी करता था। इतना ही नहीं विशेष अनुशंसा के तहत नियुक्ति होना बताकर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देता था। उसने नौकरी लगाने का झांसा देकर आधा दर्जन बेरोजगारों को अपना शिकार बनाया है। पुलिस की मानें तो आरोपियों ने फूड इंस्पेक्टर, लेक्चरर समेत पटवारी की नौकरी लगाने के नाम पर रिश्तेदारों समेत अब तक कई 9 पीड़ितों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है। लोक सेवा आयोग घोटाला मामले की जांच सीबीआई कर रही है। बीतें दिनों सीबीआई ने टामन सिंह सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को गिरफ्तार किया था। इसी मामले को लेकर टामन सिंह सोनवानी भी जेल में बंद हैं।

## महिला प्रोफेसर ने क्लास रूम में स्टूडेंट से की शादी

**कोलकाता,30 जनवरी।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले से शिक्षक और छात्र के बीच की मर्यादा को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। यहां के हरिंगहाटा में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में महिला प्रोफेसर ने क्लासरूम में स्टूडेंट से शादी कर ली। साइकोलॉजी पढ़ाने वाली महिला प्रोफेसर का क्लासरूम में स्टूडेंट से शादी करने का वीडियो सामने आया है। इसमें महिला प्रोफेसर दुल्हन बनी नजर आ रही है। वहीं छात्र महिला प्रोफेसर को माला पहनाकर मांग में सिंदूर भरते हुए दिख रहा है। जबकि वीडियो के बैकग्राउंड से अन्य लोगों के खुशी मनाने और तालियां बजाने की आवाज आ रही है। क्लासरूम में महिला प्रोफेसर का अपने ही स्टूडेंट से शादी करने का वीडियो वायरल होते ही बवाल मच गया। वीडियो वायरल होने और हंगामे के बाद यूनिवर्सिटी ने मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही प्रोफेसर को जांच पूरी होने तक फोर्स लीव पर भेज दिया गया है। वहीं, प्रोफेसर ने अपने बचाव में विश्वविद्यालय के अधिकारियों से कहा कि यह कृत्य उनकी कक्षा के लिए एक साइको-ड्रामा प्रदर्शन का हिस्सा था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके पीछे कोई कदाचार या अनैतिक इरादा नहीं था। उनके अनुसार, वीडियो आंतरिक दस्तावेज के लिए था, लेकिन मनोविज्ञान विभाग की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए इसे लीक किया गया। जब वीडियो वायरल हुआ तो यूनिवर्सिटी की आलोचना होने लगी। इससे नाराज मैनेजमेंट ने तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया और प्रोफेसर से स्पष्टीकरण मांगा। प्रोफेसर ने अधिकारियों को बताया कि यह एक साइको-ड्रामा डेमोस्ट्रेशन था, जो उनकी क्लास का हिस्सा था। इसमें कुछ भी रियल नहीं था। महिला प्रोफेसर ने यह भी दावा किया कि डेमोस्ट्रेशन के वीडियो इन-हाउस डॉक्यूमेंटेशन के लिए बनाए गए थे।



## आसमान में दो विमान टकराए, 19 की मौत

**वाशिंगटन,30 जनवरी।** अमेरिका से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। अमेरिका में विमान हादसा हुआ है। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास अमेरिकी सेना का ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर यात्री प्लेन से हवा में टकरा गया। इसके बाद दोनों के टुकड़े-टुकडे हो गए और पास के नदी में जा गिरी। यात्री प्लेन में 60-65 लोग सवार थे। हादसे में 19 लोगों के मौत की सूचना है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। वाशिंगटन एयरपोर्ट पर उड़ानों की आवाजाही रोक दी गई है। व्हाइट हाउस के पास यह हादसा हेने से आतंकवादी हमले की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। यह हादसा उस समय हुआ, जब प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने जा रहा था। तभी सामने से आ रहे अमेरिकी सेना के ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर से उससे टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों क्रैश होकर पोटोमैक नदी में गिर ग। प्लेन की जिस हेलिकॉप्टर से टक्कर हुई, वह Sirosky H-60 हेलिकॉप्टर था। एयरलाइन सूत्रों के अनुसार, विमान में 60 यात्री सवार थे. PSA एयरलाइंस, अमेरिकन एयरलाइंस की एक सहायक कंपनी है। वहीं जो प्लेन दुर्घटना का शिकार हुआ है उसमें 65 यात्रियों की बैठने की क्षमता थी। हादसे के बाद वाशिंगटन डीसी के हवाई अड्डे पर सभी टेकऑफ और लैंडिंग रोक दी गई हैं। वहीं मामले पर अमेरिकी सीनेटर टेड क्रूज़ ने ट्वीट कर बताया कि हादसे में कई लोगों की मौत हुई है। हालांकि, अभी तक मरने वालों की सही संख्या की पुष्टि नहीं हुई है।

## राहुल गांधी कर रहे डबल डेटिंग : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली,30 जनवरी।** हमरीरपुर से बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सनसनीखेज दावा किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि वह हमेशा रजाई में सोते रहते हैं। साथ ही डबल डेटिंग भी कर रहे हैं। यहां पर 'डबल डेटिंग' का अभिप्राय कांग्रेस और आप का अलग-अलग चुनाव लड़ने से है। इसस दौरान उन्होंने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर प्रहार करते हुए उन्हें अलगाववादी सोच का समर्थक बताया। दरअसल हमरीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर न्यूज चैनल,क्क्क के शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधा। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलग-अलग लड़ने पर अनुराग ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी जी डबल डेटिंग कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा कि राहुल गांधी सिर्फ रजाई में सोते रहते है। खुद दलितों का अपमान कर रहे हैं। वह केजरीवाल जी के साथ मिलकर दिल्ली में बम की राजनीति भी कर रहे हैं। स्कुलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है। अनुराग ठाकुर के सनसनीखेज दावे से कांग्रेस के अंदर सनसनी मच गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा, जनता किसी से उम्मीद रखती है तो उसको पूरा करना चाहिए। हम दिल्ली वालों से कहते है हम आएंगे तो काम लेकर आएंगे। दिल्ली की जनता झूठे वादों से थक चुकी है। केजरीवाल झूठ की राजनीति करते हैं। उन्होंने पूछा कि दिल्ली में पानी के टैंकरवालों को संरक्षण कौन दे रहा है? दिल्ली में कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है? उन्होंने अरविंद केजरीवाल को अलगाववादी सोच का समर्थन करने वाले नेता भी बताया।

### सीएम साय ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

**रायपुर ,30 जनवरी।** सीएम विष्णुदेव साय ने भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा, इसरो का ऐतिहासिक शतक! भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता का एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। श्रीहरिकोटा से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) ने 100वें प्रक्षेपण की ऐतिहासिक सफलता हासिल की है।

### दुर्ग में मनीष कंपनी की खड़ी बस में आग

**दुर्ग,30 जनवरी।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में खड़ी बस में भीषण आग लग गई। इस आग से बस जलकर खाक हो गया। घटना के दौरान बस में कोई भी यात्री सवार नहीं था। दुर्ग।दुर्ग के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में खड़ी बस में भीषण आग लग गई। इस आग से बस जलकर खाक हो गया। घटना के दौरान बस में कोई भी यात्री सवार नहीं थे। आग की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटना के बाद जांच में जुट गई। चिखली के बस गैरेज के सामने खड़ी मनीष ट्रेवल्स की बस रिपेयरिंग के लिए आई हुई थी। बस सड़क किनारे खड़ी थी, जिसमें देर रात भीषण आग लग गई।



**दंतेवाड़ा।** राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय दन्तेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी की दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## एक नजर

### नाबालिग का यौन शोषण,आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाकर गर्भवती करने वाले आरोपी को स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है स्मृतिनगर प्रभारी गुरुविन्दर सिंह संधु ने बताया कि 26 जनवरी को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लड़की को अरमान शादी कार्यक्रम में मुलाकात होने पर इंस्टाग्राम से मैसेज भेजकर सूर्यामाल के पास बुलाकर अपने मोटर साइकिल मे बैठाकर ले गया ग्राम खम्हरिया एवं अन्य जगह होटल में ले जाकर 4-5 बार शारीरिक संबंध स्थापित किया जिसके फलस्वरूप वह गर्भवती हो गई आरोपी ने घटना के संबंध मे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी रिपोर्ट पर मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी तुलेश्वर सिन्हा उर्फ अरमान को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना स्वीकार किया पुलिस नेआरोपी के कब्जे से एक विवो कंपनी का मोबाइल, मोटर साइकिल जब्त किया है।

### अश्लील वीडियो की मांग करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई नाबालिंग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील वीडियो की मांग करने वाले एक आरोपी को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिग लड़की के साथ अनुज नामक युवक छेड़छाड़ कर मोबाइल के माध्यम से अश्लील वीडियो की मांग करता है पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी अनुज के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### गणतंत्र दिवस पर शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान



**भिलाई, 30 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेक्टर-4 बोरिया मार्केट के समीप श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम में विशाल भंडारे व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बढ़ते कदम संस्था द्वारा इस रक्तदान शिविर में लगभग 51 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़ी महिलाओं ने भी रक्तदान किया। संस्था की ओर से रक्तदान दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बढ़ते कदम संस्था के सुरेश रोचलानी, मुकेश सचदेवा, सुनील पेसवानी की अहम भूमिका रही। संस्था के सुरेश रोचलानी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा विगत कई वर्षो से इस तरह का का शिविर आयोजित कर रक्त को जरूरतमंद लोगों को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था समाज सेवा की भवन से यह कार्य किया जा रहा है। सेक्टर-4 बोरिया मार्केट के समीप श्री आनंदपुर आश्रम के महात्मा आद दयानंद (सेवक महात्मा) ने इस अवसर पर उपस्थित संगत को रक्तदान देने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक बूंद रक्त जरूरतमंद मरीज का जीवन बचा सकती है। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ा दान है, जिसमें किसी प्रकार की कोई कमजोरी रक्त देने वाले दानदाता को नही होती है।

### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, गांधी प्रतिमा के समीप 2 मिनट का मौन रखा

**दुर्ग,30 जनवरी ।** देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया गया।कलेक्टर / निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम मुख्यालय एवं हिंदी भवन के सामने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा में श्रद्धांजली दी गई और उनकी स्मृति तथा सम्मान में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल,उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता मोहन पुरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,आरके जैन,जितेंद्र समैया,वीपी मि ाा,संजय मिश्रा,अनिल सिंह,ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव,शोएब अहमद के अलावा अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजनों ने दो मिनट का मौन धारण किया।

# नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला











■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 30 जनवरी।** कवर्धा नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी से चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी और कांग्रेस से संतोष यादव के अध्यक्ष का नामांकन फार्म भरने के बाद आम जनता की राय फिलहाल नहीं आ रही है ओर हाई प्रोफाइल वार्ड आठ में भी दुर्गेश अवस्थी और दीपक ठाकुर के बीच कड़ा मुकाबला के आसार दिख रहे है वहीं वार्ड 2 में उमंग पांडेय के खड़े होने पर जनता की नजर इधर भी दिख रही है। दबी जुबान से चाय पीते पीते चर्चा करते हुए कहते है की इस बार अध्यक्ष के मामले में ओर वार्ड 8 में बीजेपी ओर कांग्रेस ने अच्छे चेहरे को उतारा है और कड़ा मुकाबला होगा कुछ नहीं कहा जा सकता कौन जीतेगा कौन हारेगा । लेकिन चाय दुकान , पान दुकान ओर होटलों में खूब भीड़ दिख रही है ओर सभी समर्थकों को भरोसा है की हम ही जीतेंगे ।

कही कही निर्दलीय भी दमदार चुनौती दे सकते है जिसकी चर्चा भी हो रही है ।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नाम निर्देशन जमा करने का सिलसिला जारी



**कवर्धा, 30 जनवरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश और रिटर्निंग ऑफिसर अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रश्मि दुबे को जिला पंचायत सदस्य नाम निर्देशन पत्र जमा किए । जिला पंचायत चुनाव लड़ने ओर जिला पंचायत सदस्य के उद्देश्य के कारण नाम निर्देशन पत्र खरीदते हुए भीड़ दिखी लेकिन समाचार लिखे जाने तक तीन निर्देशन पत्र जमा हो चुके थे । 39 नाम निर्देशन पत्र की बिक्री हुई है और जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने वाले लगातार कलेक्ट्रेड कार्यालय पहुंच रहे है । फोटो कापी दुकानों में भी भीड़ दिख रही है । चाय और नाश्ता बेचने वाले होटलों में भीड़ पहुंच रही है ।

# चुनाव ड्यूटी से पूर्व अधिकारी-कर्मचारियों का करवाया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**भिलाई, 30 जनवरी।** नगरीय निकाय नगर पंचायत एवं नगर परिषद चुनाव होना है। नगर निगम भिलाई के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की निर्वाचन करवाने के लिए डयूटी लगायी जा रही है। निर्वाचन करवाने निर्वाचन सामग्रीए सामान वितरण करने सामान वापस करनवाने मतगणना करवाने मतगणना के बाद मत पेटियो को वापस जमा करने निर्वाचन दल को मतदान केन्द्र तक छोड़ने एवं वापस लाने आदि के लिए सेवा लिया जाना है। 210 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियो का पूरा हेल्थ चेकप करवाया गया। बीण्पीण्ए शुगर, आदि का जांच सर्दी खांसी, पेट दर्द आदि पूरा चेकअप किया गया। दवा वितरण भी किया गया। प्रमुख रूप से आज निगम में 2 मोबाईल मेडिकल यूनिट की बस लगाई गई थी। जिसमें 210 अधिकारीए कर्मचारियों ने अपना इलाज करवाया 124 का लैब टेस्ट हुआ 113 को दवा वितरण किया गया। महिला कर्मचारी 142 पुरुष कर्मचारी 68 लोगों का स्वास्थ्य चेकप कर दवा वितरण किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं अपना बीण्पीण्ए शुगरए खून की जांच करवाये। इसके साथ ही अधिकारीध्कर्मचारीए सफाई कर्मीए मजदूर आदि सब जांच करवाये। बहुत से कर्मचारी पहली बार सब कुछ जांच करवाये। उन्हे पता ही नहीं है कि उनको भी तकलीफ हो रहा है। इलाज से ठीक हो जायेगाए कुछ डर रहे थे कि बीमारी पता चल जायेगा। सब की मांग थी कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक माह गाड़ी बुलवाकर मजूदरो स्वास्थ्य कर्मियो एवं कर्मचारियो के स्वास्थ्य की जांच हो। जिससे सब स्वस्थ रहे और अच्छे से निगम हित में अपना कार्य कर सकें।

# चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला और वाणिज्य कॉलेज धमधा में 10 दिवसीय क्ले वर्कशाप का सफल आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साजा,30 जनवरी।** चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला और वाणिज्य महाविद्यालय धमधा दवारा आयोजित 10 दिवसीय Clay Workshop का सफल समापन आज दिनांक 23.01.2025 को हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपनी आर्कषक मूर्तियों और कार्यशाला के दौरान प्राप्त कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यशाला जिसकी शुरुआत 14.01.2025 को हुई थी। प्रसिद्ध प्रशिक्षक द्रोण निषाद द्वारा संचालित की गई थी। इन्होंने प्रतिभागियों के साथ Clay Workshopके लिए अपनी विशेषता को साझा किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को अपनी रचनात्मक क्षमता को समृद्ध करने और Clay Workshop में अपने कौशल को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने Clay Workshop की विभिन्न तकनीकों का अध्ययन किया। इनमें हस्तकला और मूर्तिकला शामिल थे। उन्हें विभिन्न प्रकार की मिट्टी के साथ काम करने और विभिन्न बनावट और आकारों के साथ प्रयोग करने का अवसर भी मिला। समापन समारोह में डॉ अंजना पुरोहित सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने भाग लिया जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपनी रचनात्मकता का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. उषाकिरण अग्रवाल प्राचार्य धमधा महाविद्यालय ने भी सभा को संबोधित किया और छात्रों के बीच रचनात्मकता को बढ़ावा देने में ऐसे कार्यशालाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उनहोंने कहा कि हमें अपने छात्रों को अपनी रचनात्मक क्षमता का अन्वेषण करने के लिए एक मंच प्रदान करने में खुशी हो रही है। कार्यशाला के प्रति प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही है और हम भविष्य में अधिक से अधिक ऐसे आयोजन आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। प्रतिभागियों की रचनाएं कॉलेज के कॉरिडोर में प्रदर्शित की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के मिट्टी के मॉडल शामिल थे। छार्गो से प्रतिक्रिया भी संग्रहीत की गई। श्रीमती रश्मि मोहंती और डॉ. रिंकू झमटा कार्यशाला के समन्वयक थे जिन्होंने सफलतापूर्वक इस कार्यशाला का आयोजन किया। इस आयोजन में कॉलेज के सभी कर्मचारी जिनमें सहायक प्राध्यापक डॉ. जी. डी. एस. बाग्गा, डॉ. एस. के. मेश्राम, डॉ. ज्योति केरकेट्टा, डॉ. दिव्या नेमा, श्रीमती उषा कुर्रे, श्री तरुण पदमार और अन्य सभी ने भी अपना योगदान दिया।

### रावघाट में नेत्र जांच और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन




**भिलाई, 30 जनवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट परियोजना के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बीएसएफ 129 बटालियन एवं छत्तीसग? पुलिसए रावघाट थाना के सहयोग से 28 जनवरी को एक वृहद नेत्र जाँच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार तथा महाप्रबंधक एस पी मंडावी ने उपस्थित होकर ग्रामीणों से मुलाकात की। साथ ही बीएसएफ 129 बटालियन के कमांडेंट भी अपनी टीम के साथ इस शिविर को सफ्ल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# माय भारत के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया




**उतई, 30 जनवरी।** युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग माय भारत के स्वयंसेवको द्वारा जिला युवा अधिकारी *नितिन शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं छ्स्क्कयातायात श्री मति रिचा मिश्रा जी के निर्देशन में तथा यातायात पुलिस विभाग,स्ढ्ढ श्री बोधन साहू जी के सहयोग से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर दिनांक 17/01/2025 से 23/01/25 तक भिलाई , नेहरू नगर चौक तथा दुर्ग में यातायात सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने यात्रियों को यातायात नियमों के विषय में बताया तथा सड़क सुरक्षा के नियमो से अवगत कराया।इस आयोजन में 20 से अधिक युवाओं ने सहभागिता सुनिश्चित की।कार्यक्रम के आयोजन में संघर्ष युवा संगठन दुर्ग के अध्यक्ष मृदुल निर्मल,सुशील,प्रदीप ,घनश्याम,योगेश,जय,देवेश, निखिल, हर्ष ,गौरव, भावना, शिवानी, आहना , मानसी आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# 100 टन क्षमता वाले नए रोड वे ब्रिज का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक ने किया



**भिलाई, 30 जनवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के इंस्ट्रूमेंटेशन एवं वेमेंट विभाग ने हाल ही में 100 टन क्षमता वाले पिट.लेस रोड वेब्रिज की स्थापना का कार्य पूरा किया है। नवनिर्मित वेब्रिज का उद्घाटन 28 जनवरी 2025 को कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार द्वारा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्ण कुमारए मुख्य महाप्रबंधक अनूप दत्ताए मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडेए मुख्य महाप्रबंधक रविशंकरए महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। वेब्रिज की स्थापना का कार्य विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक बी मधु पिल्लई के मार्गदर्शन में आई एंड डब्लू विभाग के अधिकारियों रजनीश जैनए टी डी जॉनसनए जी एल मारकंडे तथा जयंत अग्रवाल द्वारा किया गया। पूर्व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा और मुख्य महाप्रबंधक रविशंकर ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए नियमित अनुवर्ती कार्रवाई और आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए।

# पॉलीथिन मुक्ति के लिए चलाया जाएगा नो प्लास्टिक कैंपेन:आयुक्त



**भिलाई, 30 जनवरी।** शहर को ग्रीन एंड क्लीन रखने के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने अभियान चलने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि नगर निगम भिलाई द्वारा नो प्लास्टिक कैंपेन चलाकर सार्वजनिक स्थानों को पॉलीथिन मुक्त किया जाएगा। यह अभियान जागरूक नागरिकों की सहभागिता के बिना संभव नहीं है। आयुक्त पांडेय ने नागरिकों से निवेदन किया है कि झिल्ली पालीथीन में खाद्य सामग्री सब्जी का छिल्काए मिठाई का पैकेट आदि न फेंका करें। वैसे तो सार्वजनिक स्थलों पर बैठने वाले जानवरों को पकड़कर नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी कांजी हाउस में रखा जाता है। उनके खाने के लिए चारे पानी व दवाई की व्यवस्था भी किया जाता है। कांजी हाउस में उनकी देखभाल भी की जाती है। बीमार प? जाने पर डाक्टर की भी व्यवस्था रहती है। लेकिन प्रायः देखा जाता है कि गायों के बीमार होने का कारण दूध निकाल कर उन्हें को खुला छोड़ देना है क्योंकि जानवर झिल्लीए पालीथीन में रखे भोजनए सब्जीए खादय सामग्री खा लेते हैं। अधिकतर जानवर खाने के साथ झिल्ली, पॉलिथीन भी खा लेते हैंए इससे उनका पेट फूल जाता है। नाक से पानी आता हैए पाचन खराब हो जाता हैए जिसके कारण बीमार हो जाते है। अक्सर देखा जाता हैए कि गोबर के साथ फेंकी हुई झिल्ली भी निकलता है। उससे जानवर को बहुत तकलीफहोता है। वह निरीह प्राणी बोल नहीं सकता है। अकसर हम सब देखते है। सड़क के किनारे बीमारए पेट फूलाए नाक से पानी गिराते जानवर बैठे रहते हैंए इससे बचाव के लिए निगम प्रशासन और जागरूक नागरिकों को मिलकर काम करने की जरूरत है । आम जन सोचते हैं कि जानवर इसे खाएंगें तो पुण्य मिलेगा लेकिन अनजाने में फेंकी गई खादय सामग्री को खाकर जानवर बीमार पड़ जाते हैं। जानवर पकड़ने वाले कर्मचारी कन्हैया यादव ने बताया कि बीमार जानवर को कांजी हाउस में ले जाने में बहुत तकलीफ होती है। डॉक्टर आपरेशन करते हैं पेट से सडा हुआ झिल्ली पन्नी बहुत निकलता है। कितना भी ईलाज हो जावे वह जानवर दम तोड़ देता है।

# ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण का काम तेजी से चल रहा: पटेल



**भिलाई, 30 जनवरी।** आदिवासी एवं ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण कार्य में तेजी से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधीक्षण अभियंता बीएस पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए लक्ष्य के मुताबिक द्रुत गति से काम चल रहे हैं। खासकर आदिवासी इलाकों में रोड कनेक्टिविटी बानने और अंतिम छोर के लोगों तक पहुंचें की दिशा में कदम बनाये गए हैं। पटेल ने कहा कि इस मामले में फ्ण्ड की कमी जरूर है लेकिन उसके बाद भी सीमित संसाधनों में बेहतर काम करने की ओर पूरा ध्यान है। पटेल ने पीएमजीएसवाई के तहत सड़क निर्माण और उनके रखरखाव कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिशा.निर्देश देने के साथ ही समय-समय पर उनके साथ हे वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। अधीक्षण अभियंता पटेल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तीन स्तरीय जांच प्रणाली पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत दुर्ग सहित कवर्धा खैराग में तेज गति से काम चल रहा है। पीआईयूए खैराग में स्वीकृत कार्यों की संख्या 13 है जिसमें सड़क की लम्बाई 33:425 राशि 1979:516 एवं पीआईयूए कवर्धा में स्वीकृत कार्यों की संख्या 76 है. जिसमें सड़क की लम्बाई 275:10 राशि 17660:55 है।

# विधायक ने गणपत के परिवार को दी आर्थिक मदद



**भिलाई, 30 जनवरी।** विगत दिनों शराबी युवकों द्वारा गार्ड को कार से ठोकर मारने की घटना में मृत गार्ड गणपत साहू के परिजनों से मुलाकात कर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने मानदेय से 50 हजार रुपये की सहायता दी है। उन्होंने कहा कि गणपत के परिवार की मदद के लिए वो आवश्यकता अनुसार नौकरीए आवास संबंधित हर संभव सहायता में सहयोग करेंगे साथ ही ऐसी घटनाओं को कारित करने वाले आरोपियों के मंसूबे तोड़ने कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश उन्होंने दिए हैं। आपको बता दें कि स्वण् गणपत साहू मूलतः मध्यप्रदेश बालाघाट निवासी थेए उनकी पत्नी पुष्पा बाई साहू का मायका नया पारा पंचशील नगर दुर्ग में है। गणपत और उनकी पत्नी चौहान ग्रीन वैली में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हुए परिवार का भरण पोषण करते हुए विगत 15 वर्षों से दुर्ग में ही किराये के मकान में रहते हैं। उनके दो बेटे दीपक 23 वर्ष और विनय 16 वर्षद्ध भी साथ ही हैं। गणपत के आकस्मिक निधन से साहू परिवार पर बड़ा संकट आया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सोमवार की रात जब परिवार से मिलने पहुंचे तो वह गृह ग्राम मध्य प्रदेश गया हुआ था। परिजनों से फोन पर चर्चा में विधायक सेन ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के संबंध में पुलिस अधीक्षक से बात की और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सेन ने अपने मानदेय से पुष्पा बाई साहू को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देते हुए कहा कि पुष्पा व दीपक के रोजगार के लिए भी वो हर संभव सहायता करेंगे। विधायक की पहल से आरोपी पर हत्या की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किए जाने पर भी परिजनों ने विधायक सेन का आभार जताया।

# रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में निःश्रेयस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 30 जनवरी।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्ररल मिल आरण्एसएम के सभागार में निरूश्रेयस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार बेहेरा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन मे मुख्य महाप्रबंधक टी. दस्तीदार ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम मे वैभव कुमार सिंह ने हाइड्रोलिक इसके सिद्धांत और उसका रेल मिल में उपयोग पर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विजय कुमार बेहेरा ने निरूश्रेयस कार्यक्रम के आयोजन के प्रयासों की सराहना की और ऐसे मंचों के महत्व को रेखांकित कियाए जो सीखने और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। टी. दस्तीदार ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से संयंत्र में स्थापित उपकरणों के संचालन और उनके अनुभवों का आदान.प्रदान करना सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर महाप्रबंधक भूपेंद्र जन्पंगीए उप महाप्रबंधक सुश्री मीना नायक उपथित थी। वहीं मानव संसाधन विभाग से उपमहाप्रबंधक मुकुल सहारियाए आरएसएम विभाग से वरिष्ट अधिकारी महाप्रबंधक सुधीर सोरतेए महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक सुदीप्तो चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक विनय कुमार, महाप्रबंधक आरण्केण्राजधर, महाप्रबंधक धुर्जाति सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक जी पी सोनी, वरिष्ट प्रबंधक श्रीमती मोनीषा मिश्रा और उपप्रबंधक बलराम रथ भी उपस्थित थे। आयोजन में उप महाप्रबंधक अभिलाष गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक, वरिष्ट प्रबंधक अवनीश मिश्रा और फ्नींद्र वलेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### घर के अंदर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

डोंगरगढ़ - नगर के समीपस्थ ग्राम लेडीजोब के युवक के फांसी लगा अपने जीवन की ईहलीला समाप्त कर ली है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि परिजनो की रिपोर्ट अनुसार ग्राम पंचायत बछेराभांटा के आश्रित ग्राम लेडीजोब में 28 जनवरी की रात्रि देवेंद्र कुमार मंडावी पिता रामचंद्र मंडावी उम्र 29 वर्ष ने अपने घर के अंदर फन्दा लगा फांसी लगा ली है कि सूचना पर घटना स्थल पहुँच पंचनामा कार्यवाही कर परिजनो की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. वही पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है.

### TATA.ev का मिशन भ्रांतियों को हटाना

रायपुर,30 जनवरी। इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी और भारत में ईवी क्रांति का नेतृत्व करने वाली TATA.ev इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में सबसे आगे है। इसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों में ईवी की स्वीकार्यता को बढ़ाना और उनके लिए इसे फ्यूचर-रेडी विकल्प के तौर पर तैयार करना है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से जुड़ी कई भ्रांतियां हैं और उनमें प्रमुख है उसकी रेंज सीमित होना। TATA.ev इस चिंता को दूर कर रहा है और इसके लिए उसने Ne&on.ev 45 और Curvv.ev जैसे प्रोडक्ट भी बाजार में उतारे हैं। एआरएआई ने प्रमाणित किया है कि यह दोनों 489-502 किमी (पी1+पी2) और सी75* की 350-425 किमी की प्रभावशाली रेंज देते हैं। दोनों मॉडल तेजी से चार्ज होते हैं यानी फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करते हैं। महज 40 मिनट में बैटरी 10 से 80त्न तक चार्ज हो सकती है। Curvv.ev 70किलोवॉट+ चार्जर का उपयोग कर प्रभावशाली रूप से 15 मिनट में 150 किमी की रेंज को जोड़ता है। कंपनी को ग्राहकों के व्यवहार में भी स्पष्ट बदलाव दिखरहा है- 2024 में 47 प्रतिशत उपयोगकर्ता रोज 75 किलोमीटर से अधिक का सफर कर रहे हैं, जो 2020 में 13 प्रतिशत था। यह साफ तौर पर इस धारणा को खारिज करता है कि ईवी का इस्तेमाल सिर्फ इंट्रासिटी ट्रेवल (शहर के अंदर ही) में ही किया जा सकता है।

### शक्ति पंप्स ने तीसरी तिमाही में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा

**रायपुर,30 जनवरी।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त किया है. जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रॉग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की ÷मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है।

### कृषि विश्वविद्यालय का दशम् दीक्षांत समारोह 1 फरवरी को

रायपुर,30 जनवरी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का दशम् दीक्षांत समारोह कल 1 फरवरी, 2025 को आयोजित किया जाएगा। कृषि महाविद्यालय रायपुर स्थित कृषि मंडपम में प्रातः 11 बजे से आयोजित इस दीक्षांत समारोह में लगभग 4 हजार 191 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी दीक्षांत उद्बोधन देंगे। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 24 कांस्य पदक प्रदान किये जाएंगे। इस दौरान भव्य दीक्षांत शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-2024 में कृषि विश्वविद्यालय के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियाँ वितरित की जाएँगी। दीक्षांत समारोह में बी.एस.सी. कृषि पाठ्यक्रम के 2 हजार 841, बी.एस.सी. उद्यानिकी पाठ्यक्रम के 17, बी.टेक. कृषि अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम के 303 तथा खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के 20 पंजीकृत विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। स्नातकोत्तर स्तर पर 742 एवं पी.एचडी. स्तर पर 268 के पंजीकृत विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत तथा 4 कांस्य पदक भी प्रदान किये जाएंगे। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में 818 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. आनर्स प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जाएंगे।

### प्रयागराज पहुंचने वाली सभी सीमाएं अब भी सील

**प्रयागराज,30 जनवरी।** महाकुंभ भगदड़ के बाद से ही प्रयागराज पहुंचने वाली सभी सीमाएं को सील किया गया है। आठ जिलों को जोड़ने वाले सभी हाइवे अब तक बंद है। प्रयागराज में परसों रात से हर तरह के वाहन का प्रवेश रोक दिया गया है। जिसके चलते प्रयागराज आने वाली सभी हाइवे बंद पड़े हैं। इन बंद हाइवे पर लाखों लोग फंसे हुए है। प्रशासन ने अभी तक स्थिति साफ नहीं की है कि कब तक ये मार्ग खुलेंगे। मध्य प्रदेश बॉर्डर, फतेहपुर कौशांबी, लखनऊ हाइवे, प्रतापगढ़ अयोध्या हाइवे, कानपुर GT रोड, वाराणसी हाइवे सब बंद पड़े हैं।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम से देश की अखंडता मजबूत:राज्यपाल डेका

रायपुर,30 जनवरी■ तरुण छत्तीसगढ़





राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम, भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर शुरू किया गया है। इसके तहत विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आपस में आदान-प्रदान होता है। जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होती है।

राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर सभी राज्यों की विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश, भारत के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। यह भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की जन्मभूमि है। यह हिन्दुओं की प्राचीन सभ्यता का उद्गम स्थल है। भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया और बौद्ध धर्म की नींव रखी। अभी प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। महाकुंभ के दौरान करोड़ों श्रद्धालु, साधु-संत और विद्वान एकत्रित होते हैं। यह आयोजन वेदों और पुराणों में वर्णित पवित्रता और मोक्ष का प्रतीक है। उत्तरप्रदेश, की सांस्कृतिक धरोहर, इस राज्य को एक सशक्त राज्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। महाकुंभ जैसे आयोजनों की सफलता यह दर्शाती है कि उत्तरप्रदेश न केवल भारत की आस्था का केंद्र है बल्कि विश्व के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

आंध्रप्रदेश ने कृषि, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और शैक्षणिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। आंध्रप्रदेश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी कृषि और संबंधित गतिविधियों में लगी हुई है। आंध्रप्रदेश, घरेलू पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय गंतव्य है। विशेष रूप से तिरूपति बालाजी मंदिर, हिंदू पौराणिक कथाओं के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है।

राज्यपाल ने कहा कि केरल अपनी शैक्षणिक उन्नति, स्वास्थ्य सेवाओं, साहित्य, कला, सांस्कृतिक विरासत और सुंदर समुद्री तटों के लिए पूरे विश्व में एक मिसाल बन चुका है। साक्षरता दर, स्वास्थ्य सूचकांक और लैंगिक समानता में केरल पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्राचीन काल में हमारी कई सभ्यताएं मातृप्रधान रही है। लेकिन वर्तमान में मेघालय एक ऐसा राज्य है जहां की मुख्य जनजातियां मातृवंशीय प्रणाली का अनुसरण करती है और यहां विरासत तथा वंश महिलाओं से चलता है। मेघालय के ग्रामीण जीवन में पर्वतीय जीवन शैली के दर्शन होते हैं। पर्यटन की दृष्टि से यह राज्य महत्वपूर्ण है। यहां विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाला क्षेत्र मौसिनराम है।

उन्होंने कहा कि मणिपुर शाब्दिक अर्थो में आभूषणों की भूमि है। यहां के लोग संगीत तथा कला में बड़े प्रवीण होने के साथ-साथ सृजनशील होते हैं जो उनकी हथकरघा, दस्तकारी के उत्पादों में झलकती है। मणिपुर देश का आर्किड टोकरी है, यहां आर्किड पुष्प की 500 प्रजातियाँ पाई जाती है। प्राकृतिक छटा से भरपूर यह राज्य पर्यटकों के लिए स्वर्ग हैं। राज्यपाल ने कहा कि त्रिपुरा का उल्लेख महाभारत, पुराणों तथा अशोक के शिलालेख में मिलता है। इस राज्य की अपनी अनोखी जनजातीय संस्कृति है। देवी त्रिपुर सुंदरी का प्रसिद्ध शक्तिपीठ भक्तो की आस्था का केंद्र है। दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन दीव इन दो केंद्र शासित प्रदेशों के विलय के बाद यहां विकास की नई संभावनाएं खुली हैं। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि युवाओं को अपने प्रदेशों की सांस्कृतिक धरोहर को सम्मानित एवं संरक्षित करना चाहिए और उस पर गर्व करना चाहिए।

कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश राज्य के प्रतिनिधि श्री जी स्वामी, केरल के प्रतिनिधि श्री विनोद पिल्ले, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि श्री प्रतीक पाण्डेय, त्रिपुरा की प्रतिनिधि सुश्री संगीता ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राज्यपाल द्वारा भी इन को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम में पद्मश्री से पुरूस्कृत द्वय श्रीमती उषा बारले ने पंडवानी गायन की और श्री मदन चौहान ने सूफी गायन की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ सी.आर. प्रसन्ना, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना नेताम, इन सभी राज्यों के छत्तीसगढ़ में निवासरत युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सरपंच ने पद का उपयोग अपने निजी लाभ के लिए किया

- 15 वें वित्त ,मूलभूत व अन्य आय के स्त्रोत से राशि के आहरण व ब्यय में नियमो का रखा ताक में
- 90प्रतिशत बिल पर सचिव के हस्ताक्षर नही
- फर्जी बिल खुद बनाकर पंयायत की राशि को अपने भाई मोहन लाल वर्मा व रिश्तेदार रामसिंग वर्मा को किया भुगतान
- भाई बना गांव का सफाई ठेकेदार,बना छड़ गिट्टी सीमेंट रेत का सप्लायर

डोंगरगढ़ ,30 जनवरी■ तरुण छत्तीसगढ़

पंचायती राज की परिकल्पना जनता के हितों को ध्यान में रखकर किया गया, मतदाता ईमादारी से इसलिए उन्हें अपना पवित्र मतो को अर्पित करते हैं ताकी चुनाव के बाद गांव का विकास व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भरपूर लाभ मिले।ग्राम पंचायत ढारा नागरिक श्री प्रेमलाल वर्मा के द्वारा सूचना के अधिकार नियम 2005 के तहत 15 वें वित्त,मूलभूत मद व अन्य स्त्रोत से प्राप्त आय की जानकारी मांगी गई, परन्तु सचिव ग्राम पंचायत? ढारा द्वारा भ्रामक अपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराया है जानकारी नवम्बर 2024 तक चाही गई है,सचिव भ्रष्टाचार को छुपाने जनवरी 2024 से नवम्बर 2024 की जानकारी उपलब्ध नहीं कराया है। यह मामला डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम ढारा के सरपंच राजेंद्र कुमार जंघेल की है जो पूर्व में भी उपसरपंच रह चुका है,पंचायत? से पैसा कैसे कमाया जाता है उसको अच्छा पता है। 2020 कें पंचायतीराज के पवित्र कुंभ में कम मत से सरपंच निर्वाचित हुए। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त अपूर्ण जानकारी का कैश बुक वाउचर और रसीद बुक का अवलोकन करने से पता चलता है ग्राम पंचायत ढारा के सरपंच राजेंद्र कुमार जंघेल ने अपने छोटे भाई मोहनलाल वर्मा के तीन फर्जी बिल (1) मोहन वर्मा ढारा (2) मोहन मोबाइल्स एवं स्टेशनरी ढारा(3) मोहन मटेरियल सप्लायर ढारा के नाम से कंप्यूटर से सादा फर्जी बिल बनाकर 15वें वित्त ,मूलभूत मद व अन्य आय के स्त्रोत मद से 17 लाख से अधिक रुपए की राशि अपने भाई के अकाउंट में सीधा एफटीओ किया है। मोहन वर्मा ढारा के द्वारा जारी बिल जीएसटी बिल नहीं है, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नियमों के अनुसार पंचायत के कार्यों का जो भी बिल भुगतान होगा जीएसटी बिल अनिवार्य है,उनके नाम से जारी कई बिल 98000 से अधिक है। मोहन वर्मा मूल रूप से मोबाइल मनिहारी व छुटपुट घरेलू सामाग्री का विक्रेता है।संरपंच अपने भाई को वार्डो की साफ-सफाई नाली निर्माण जीरा गिट्टी डस्ट मुरूम डालने कई लाख रूपए खाता में पंचायत से स्त्र.ज्ञ.ह्किया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है, सैकड़ों बिल का पड़ताल करने पर देखा कि ग्राम में कई ऐसे काम हुए ही नही है और बकायदा फर्जी बिल लगाकर बिल आहरण कर लिया गया है ऐसा लगता है उक्त भ्रष्टाचार को पंचायत में कार्यरत कर्मचारी व जनपद के लोग मिलकर अंजाम दिये हैं प्रेम लाल वर्मा ने बताया कि आगे इस न्यूज की एपिसोड में एक रिस्तेदार ,एक हार्डवेयर दुकान व एक सरपंच का फर्जी बिल लगाने का बड़ा खुलासा कुछ है दिन में किया जावेगा।

# पहले नगर पंचायत चुनाव में 5 ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की

■ तरुण छत्तीसगढ़







**डोंगरगढ़,30 जनवरी।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में 05 दावेदारों के द्वारा नगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. दोनों प्रमुख पार्टी भाजपा और कांग्रेस के द्वारा मंडल परिवार के भाजपा के द्वारा पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू तो कांग्रेस के द्वारा राजकुमार साहू को टिकट दिए जाने के कारण यह चुनाव भारी रोचक हो गया है और मतदाताओं के लिए उत्सुकता का विषय बन गया है. अब देखना यह है नगर पंचायत के पहले चुनाव में मतदाता किसके सर पर सेहरा बांधती है. नामांकन के आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस के द्वारा बड़े उत्साह के साथ बाजे गाजे के साथ वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, सहायक रिटर्निंग आफिसर वनिश चंद्र दुबे व नायब तहसीलदार राजेश कुमार नेताम के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया गया तो दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्रीमती उषा यदु, राकेश कुमार सिन्हा व पवित कुमार साहू के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया गया तो दूसरी ओर कुल 15 वार्ड के पार्षद पद के लिए 58 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. भाजपा के द्वारा भाजपा कार्यालय से प्रदेश संगठन महामंत्री भरत वर्मा, चुनाव प्रभारी सुनील चीकू जैन, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, वेदराम साहू, अशोक साहू, नोबल साहू,पवन साहू की उपस्थिति में जुलूस निकालकर नगर भ्रमण करते हुए चुनाव कार्यालय पहुँचकर नामांकन पत्र दाखिल किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे. वहीं कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधायक दलेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंग, गुलाब वर्मा, प्रमोद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजेंद्र यदु, दुलारू ढिमर त्रिलोक भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित थे.

# कांग्रेस के पूर्व मेयर ढेबर ने शहर में विकास के नाम पर लूट मचाई थी : केदार गुप्ता

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारानाथ गुप्ता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लुटेरे और भ्रष्टाचारी कांग्रेसी ठगेश के और वो उनके हैं। कांग्रेसियों को लेकर एक आम धारणा बन गई कि कांग्रेसी सम्मान जाय पर लूट-खसोट और भ्रष्टाचार की रीति व नीति न जाए, वाली राह पर चलते हैं। ये कांग्रेसी चाहे कोई भी चुनाव हो, ये वेश बदलकर जनता के बीच उनके हितैषी बनकर जाते हैं। लेकिन जनता का वोट लेकर सत्ता पाते ही ये अपने लूट तंत्र में लग जाते हैं। इतना ही नहीं वे जनता को लूटने के काम में अपने भाई-भतीजा और बेटों तक को लगा देते ।इसी नक्शे-कदम पर कांग्रेस के पूर्ववर्ती रायपुर मेयर एजाज ढेबर भी पूरे पांच साल में शहर के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगते रहे हैं

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता कहा कि एजाज ढेबर को रायपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार करने के लिए ठगेश ने मेयर पद के सीधे जनता द्वारा चुनाव को पार्षदों के माध्यम से कराने का कानून बना दिया था। जिसे साय सरकार ने फिर जनता द्वारा प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने का निर्णय लिया तो कांग्रेस ने एजाज को मेयर का टिकट नहीं दिया, क्योकि ठगेश और कांग्रेस को पता है कि मेयर रहते एजाज ढेबर के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोपो से जनता में आक्रोश है। जिसे कांग्रेस भली-भांति जानती है, इसलिए इस बार ढेबर को मेयर का टिकट नहीं देकर, पूर्व मेयर प्रमोद दुबे की पत्नी को टिकट देकर कांग्रेस के परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धोखा दिया है। जबकि कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी के पति भी अपने पूर्व कार्यकाल में ठगेश गिरोह के साथ मिलकर अपने लोगों को ठेके देने के अलावा कोई काम नहीं किया है। उन्होंने निकाय चुनाव में जनता को आगाह करते हुए कहा है कि बंटोगे तो फिर इन कांग्रेसियों के द्वारा लुटोगे। क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेसियों के खून में है। कांग्रेस ने इस बार भी 70 पार्षद प्रत्यशियों को मैदान में तो उतारा है, जो जीतने के बाद सिर्फ विकास के नाम पर लूट मचाएंगे, क्योंकि इन लोगों ने पैसे देकर पार्षद का टिकट पाया। इसलिए जनता ने इस बार ठाना है कि इन्हें हराकर शहर में भाजपा के सुशासन को लाकर विकास लाना है।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने पूर्व महापौर ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में न तो शहर का समुचित विकास किया और न ही जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा पाए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा 2019-2024 के दौरान केंद्र सरकार ने रायपुर नगर निगम को 1254 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग दी।

# ऑटो एक्सपो में पिछले साल की बिक्री का रिकार्ड टूटा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,30 जनवरी।** ऑटो एक्सपो 2025 को शानदार रिस्पांश मिल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ऑटो एक्सपो में कुल जितने वाहन बिके थे उससे कहीं अधिक इस बार पन्द्रह दिन के पहले ही बिक चुके हैं। अभी 15 फरवरी तक आयोजन का समय बाकी है,मतलब तय है कि एक नया अयाम छू कर जायेगा इस बार का ऑटो एक्सपो। पिछली बार कुल 10014 वाहनों की बिक्री हुई थी जबकि इस बार 28 जनवरी तक की स्थिति में कुल 11604 वाहन बिक चुके हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ राडा मेंबर्स ने केक काटकर इसका सेलिब्रेशन किया। सर्वाधिक बिक्री कार व मोटरसाइकल की हो रही है। रोजाना न्यू माडल की लांचिंग भी हो रही है। स्टेज परफार्म में डांस ट्रूप व राकस्टार बैंड की शानदार पेशकश का विजिटर्स ने भरपूर आनंद लिया।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि शानदार बिक्री की चलते सभी डीलर्स ने कंपनियों से भरपूर स्टाक मंगा लिए हैं ताकि किसी प्रकार शार्टेज की स्थिति न बने। चूंकि महीने पर का एक्सपो तय था




इसलिए तैयारी भी राडा ने व्यापक पैमाने पर हर एंगल से कर रखा है। मिलते शानदार रिस्पांश को देखकर बीच में विस्तार भी किया गया। आज के स्पेशल गेस्ट रहे श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन व कैट के अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी व टीम। राडा मेंबर्स ने उनका स्वागत करते एक्सपो आयोजन के संदर्भ में पूरी जानकारी दी, उन्होने विभिन्न स्टालों में पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण भी किया और आयोजन की प्रशंसा भी की। श्री कैलाश खेमानी ने बताया कि हम अपने वादे के मुताबिक किसी न किसी व्हीकल के न्यू माडल की लांचिंग रोज कर रहे हैं। इस कड़ी में आज टीवीएस अपाचे 160, टाटा नेक्सन सीएनजी तथा बाइक में गोअन क्लासिक 350 व स्क्रैम-440 की लॉचिंग की गई। गुरुवार को अशोक लीलेंड एससीव्ही साथी की लॉचिंग होगी। सभी वाहनों की अपनी खूबियां हैं। जहां तक टीवीएस अपाचे 160, 4व्ही का सवाल है,बहुत ही शानदार वैरिएंट है 37 एमएम यूएसडीएस के साथ जिसमें 3 राइडिंग मोड स्पोर्ट अर्बन व रेन है। इसका कलर भी अपडेट किया गया है जिससे यह शार्प व युवा दिखती है मतलब नए पीढ़ी के लोगों की यह पसंद बनेगी।

टाटा नेक्सॉन सीएनजी के हर फीचर काबिले तारीफ है,मार्डन लुक, जबरदस्त परफामेंस और टेक्नोलाजी का बेजोड़ संगम है। इसलिए इसे देखते ही कस्टमर पसंद करने लगते हैं। भारत में सीएनजी कारों में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में इसका नाम शुमार है। रॉयल एनफील्ड ने 350 सीसी सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए भारतीय बाजार में नई गोअन क्लासिक 350 (रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350) मोटरसाइकिल लॉन्च की हैं आज रायपुर के ऑटो एक्सपोमें इसकी लांचिंग की गई।खास बात यह है कि इसे सिंगल-टोन और डुअल-टोन पेंट ऑप्शन में पेश किया गया है, इसमें कई बड़े बदलाव किए गए हैं जो इसे ज्यादा प्रीमियम और आकर्षक बनाते हैं.इसके फीचर्स में एलईडी लाइटिंग, सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एडजस्टेबल लीवर और रॉयल एनफील्ड का ट्रिपर नेविगेशन सिस्टम शामिल है.

# कांग्रेस पूरी तरह निराश,चुनाव से पहले हार मानी:अरुण साव

**रायपुर,30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा है कि राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में जो चुनाव हो रहा है, उसके लिए नामांकन दाखिले का काम मंगलवार को पूर्ण हो चुका है और बुधवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा हो रही है। इस बीच अनेक स्थानों पर उन्हें (स्वयं श्री साव को) 2023 के विधानसभा, 2024 के लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के समय जैसा उत्साह था, वैसा ही उत्साह निकाय चुनावों की नामांकन रैलियों में दिखाई पड़ा है। श्री साव ने कहा कि यह बताता है कि नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है और भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है। श्री साव बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कांग्रेस में मचे अंदरूनी घमासान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत सबके सामने है। पिछले 5 दिनों में जो मंजर प्रदेशवासियों ने देखा है, उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी में कैसी ऊहापोह और आपाधापी मची है, किस तरह से और कैसे प्रत्याशियों का चयन हो रहा है! श्री साव ने कहा कि यह कितनी दुर्भाग्यजनक बात है कि महापौर जैसे पद के लिए कांग्रेस के पास जमीन पर काम करने वाली कोई कांग्रेस नेत्री नहीं मिली! अपने कार्यकर्ताओं की कैसी उपेक्षा और अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है, यह प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर साफ हो जाएगा। कम-से-कम महापौर के पद पर भी संगठन में, जनता के बीच काम करने वाले प्रत्याशी तक कांग्रेस लेकर नहीं आ पाई। श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में 15 साल राज किया। राज्य के अधिकांश नगर निगमों में कांग्रेस का बहुमत था, पर निवर्तमान महापौर, जो नगरीय निकाय के पदाधिकारी हैं, उनको कांग्रेस पार्टी ने छिपा लिया क्योंकि उन्हें पता है जनता में उनके प्रति काफी आक्रोश है। रायपुर में 15 साल में कांग्रेस ने नगर निगम में कैसी दुर्दशा की, कैसे-कैसे बड़े-बड़े घोटाले किए, रायपुर शहर की जनता के सामने है। पिछले 5 साल में प्रदेश के सारे नगरीय निकायों में कांग्रेस के लोगों ने जो दुर्दशा की है, विकास को अवरुद्ध किया है, विकास के लिए राशि नहीं दी, केवल बंदरबाँट और लूट मचाई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आज के कांग्रेस के हालात पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई एमआईसी का मेंबर निर्दलीय चुनाव लड़ रहा है, कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, बागी होकर



चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने जो प्रत्याशी घोषित किए हैं, उसके खिलाफ लगातार नाराजगी के मामले आ रहे हैं। यह बताता है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के मैदान में जाने से पहले हार मान गई है। कांग्रेस नेताओं ने जनता का मूड समझ लिया है। जनता तो पूरी तरह कांग्रेस को सबक सिखाने के मूड में है। श्री साव ने कहा कि एक तरफ 5 साल में विकास को अवरुद्ध किया, जनता को परेशान किया, वहीं दूसरी ओर यही वह कांग्रेस पार्टी है जिसने अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराकर जनता के अधिकारों को छीनने का काम किया था। लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ा अधिकार होता है और जनता को अपना महापौर और अध्यक्ष चुनने का अधिकार होता है। संविधान की मूल भावना के विपरीत जाकर एक तरफ जहाँ जनता के अधिकार को छीनने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया, जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त करके निकायों में अपनी सरकार बना ली और सरकार बनाने के बाद क्या-क्या किया, विकास को अवरुद्ध किया, घोटाले किए, भ्रष्टाचार किया, शहरों की दुर्दशा कर दी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने भू-माफियाओं को पनपाया, कैसे शहर को दोनों हाथों से लूटने का काम किया, जनता को मूलभूत सुविधाओं से महरूम किया। अब जनता कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है और इसका संकेत भाजपा की मंगलवार की नामांकन रेलियों में मिला है। कांग्रेस पार्टी जिस प्रकार से नामांकन रैली नहीं कर पाई, कहीं नामांकन रैली रद्द हुई, यह हालत कांग्रेस पार्टी की बन चुकी है। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में जाने से पहले हार मान गई है। श्री साव ने कहा कि वहीं दूसरी ओर, पिछले 1 साल में नगरीय निकायों में विकास के प्रदेश की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में काफी काम किए हैं। हमारी सरकार ने मोदी की एक-एक गारंटी पूरी की है, चाहे प्रधानमंत्री आवास हो, महतारी वंदन योजना हो, पं. दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर योजना हो, पीएससी घोटाले की सीबीआई जाँच हो, पीएससी में पारदर्शिता से भर्ती करना हो, रामलला दर्शन योजना हो, मोदी की एक-एक गारंटी का हमने अक्षरश~ पालन करने का काम किया है।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज जिस तेजी से प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं, गरीबों के लिए हम नए सर्वे भी करा रहे हैं, सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास देने की हमारी योजना है और इस पर आगे बढ़ रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं, शहरों में भी लगातार बन रहे हैं। अपने शासनकाल में गरीबों को आवास से वंचित करने वाली कांग्रेस पार्टी जब गरीबों के हित की बात करती है तो इन पर हँसी आती है। श्री साव ने कहा कि नगरीय निकाय का यह चुनाव प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाला है।

## संपादकीय

# सच जैसा है वैसा ही कहना चाहिए

देश में कई राजनीतिक दल हैं, सब चुनाव लड़ते हैं, चुनाव के लिए तरह तरह की राजनीति करते हैं, लेकिन कोई चुनाव के दौरान जनता को डराने वाली राजनीति नहीं करता है, देश और जनता के लिए खतरनाक राजनीति नहीं करता है। लेकिन आप के संयोजक केजरीवाल ऐसे नेता है जो चुनाव जीतने के लिए किसी भी तरह की राजनीति कर सकते है, दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होने ऐसी राजनीति कर साबित कर दिया है कि वह सत्ता के लिए राजनीति में किसी भी हद तक जा सकते हैं, जिस हद तक जाने को किसी भी राजनीतिक दल का नेता सोच नहीं सकता है, केजरीवाल वहां तक जा सकते हैं और पूरी गंभीरता से सोच समझ कर देश व जनता के लिए खतरनाक राजनीति करते हैं। एक वीडियो जारी कर केजरीवाल ने भाजपा की हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार दिल्ली को भेजे वाने वाले पानी में जहर मिला दिया है। यह तो अच्छा हुआ कि हमारे इंजीनियरो ने उस पानी को रोक दिया, दिल्ली नहीं आने दिया. अगर वह पानी दिल्ली आ जाता तो दिल्ली में नरसंहार हो सकता था। उन्होने कहा कि ऐसा युध्द के समय दुश्मन देश करते हैं, किसी राजनीतिक दलं को चुनाव जीतने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। देश के राजनीति के इतिहास में ऐसा आरोप आज तक किसी राजनीतिक दल ने किसी राजनीतिक दल पर नहीं लगाया है, कोई भी राजनीतिक दल चुनाव के समय ऐसा आत्मघाती कदम नहीं उठा सकता क्योंकि वह जानता है कि ऐसा करने का परिणाम क्या होगा। केजरीवाल भी जानते हैं कि उन्होने जो कहा है वह सच नहीं है और उसकी पोल जल्द की खुल जाएगी लेकिन वह खुद को दिल्ली की जनता का हितैषी बताने, भाजपा को दिल्ली की जनता का विरोधी तथा अपनी असफलता को छिपाने के लिए झूठ कहा है। केजरीवाल ने चाहते तो उन्होंने जो कहा है कि उसे इस तरह से भी कह सकते थे कि उसने सनसनी नहीं फैलती, उससे दिल्ली के लोगो में डर पैदा नहीं होता। लेकिन उनकी आदत है कि किसी बात को कैसे बढ़ा चढ़ा कहा जाना चाहिए। आदत के मुताबिक उन्होंने मामले को बढ़ा-चढ़ा जनता के सामने पेश किया। ऐसे में कई तरह के सवाल पैदा होते हैं कि हरियाणा सरकार ने केजरीवाल से कई सवाल पूछे हैं जिनका जवाब केजरीवाल व आप नेताओं ने नहीं दिया है। हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने केजरीवाल से सवाल पूछा है कि यमुना के पानी में कौन सा जहर मिलाया गय है। कितने टन जहर मिलाया गया है,जहरीले पानी को कैसे रोका. कितनी मछलियां मरी हैं, आदि सवाल पूछे लेकिन केजरीवाल ने इसका कोई जवाब नहीं दिया है। दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ ने भी विज्ञप्ति जारी कर केजरीवाल ने जो कुछ कहा है कि उसे तथ्यात्मक रूप गलत व भ्रामक बताया है। उन्होंने बताया है कि यमुना के पानी में कोई जहर नहीं मिलाया गया है। केजरीवाल गलत कह रहे है। चुनाव आयोग ने भी अरविंद केजरीवाल से हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को आपूर्ति किए जा रहे यमुना नदी के पानी में जहर मिलाने जाने के दावों के समर्थन में प्रमाण पेश करने को कहा है। पूरा मामला ऐसा नहीं है जैसा केजरीवाल बता रहे हैं। केजरीवाल इस मामले में खतरनाक राजनीति कर रहे हैं, वह सच जैसा है वैसा बता नहीं रहे हैं, उसे इस तरह बता रहे हैं कि जैसे वह कोई दिल्ली के खिलाफ की गई बड़ी साजिश है, हकीकत यह है कि दिल्ली को यमुना से पानी की आपूर्ति की जाती है, इस पानी को शुध्द कर पीने योग्य बनाने की जिम्मेदारी केजरीवाल सरकार की है। हरियाणा सरकार की जिम्मेदारी यमुना का पानी दिल्ली को देना है। हरियाणा सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभा रही है। पानी देने में कोई लापरवाही नहीं की जा रही है जितना पानी हरियाणा से दिल्ली को दिया जाना चाहिए उतना पानी दिया जा रहा है। इस पानी को शुध्द करने के लिए केजरीवाल सरकार को व्यवस्था करनी थी। दस साल हो गए केजरीवाल हरियाणा से मिलने वाले को पीने योग्य बनाने के लिए जो संयंत्र बनाना है, वह नहीं बना पाई है, वह दस साल बाद भी अधूरा है। यह सच है कि हरियाणा से जो पानी आता है वह कई बार दूषित होता है। क्योंकि हरियाणा में यमुना किनारे बहुत सारे कल कारखाने हैं। वहां से अवशिष्ट यमुना के पानी हमेशा छोड़ा जाता है, जिससे यमुना के पानी में वह मिल जाता है और पानी दूषित होता है। जब मानसून में जब वर्षा होती रहती है तो यमुना में ज्यादा पानी रहता है तो यमुना में कल कारखानों से जो अपशिष्ट छोड़ा जाता है, उससे पानी दूषित होता है लेकिन ज्यादा पानी होने के कारण उसका पता नहीं चलता है। मानसून के बाद जब यमुना में पानी कम हो जाता है तो कल कारखानो से जो अपशिष्ट छोड़ा जाता है, उसके कारण यमुना के पानी में अमोनिया व फास्फेट की मात्रा बढ़ जाती है,यह हर साल साल होता है,यह बात केजरीवाल को बहुत अच्छे से मालूम है लेकिन वह ऐसा बता रहे हैं कि जैसे चुनाव के वक्त ही हरियाणा ने ऐसा किया है। इसमें हरियाणा सरकार की तरफ से कुछ नहीं किया गया है। जैसे हमेशा यमुना से पानी दिया जाता है वैसे ही दिया जा रहा है। यमुना के पानी में अमोनिया का मात्रा ज्यादा हो गई है तो केजरीवाल को जनता को यह बताना चाहिए कि यमुना के पानी में अमोनिया की मात्रा ज्यादा होने के कारण दिल्ली में शुध्द पानी की कमी हो सकती है या पानी सप्लाई में दिक्कत हो सकती है। चुनाव के वक्त केजरीवाल यह तो जनता से कह नहीं सकते कि हमारी गलती के कारण दिल्ली के लोगो को पीने का शुध्द पानी नहीं मिल रहा है। इससे लोगो को यह लगेगा कि हमने इस सरकार तो दस साल का मौका दिया और यह दस साल में हमको शुध्द पानी तक नहीं दे पा रही है, इससे चुनाव में केजरीवाल को नुकसान हो सकता है, इसलिए वह सच कहने की जगह झूठ कह गए कि यमुना के पानी में जहर मिला दिया गया था,हमने उसे रोकने का काम किया है। केजरीवाल की यह कोई पहली असफलता नही है वह दिल्ली के लोगो को शुध्द हवा व पानी व कचरा मुक्त शहर नहीं दे सके है, इसके लिए वह कभी आस पास के राज्यो की सरकारों को दोषी ठहराते रहे हैं कि दिल्ली की हवा

हादसा

# प्रयागराज भगदड़: प्रशासनिक लापरवाही या भक्तों का उन्माद

प्रियंका सौरभ



**एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिजाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।**



अपने घर में छोटा-सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है यहाँ तो पूरा विश्व आया हुआ है करोड़ों की संख्या में।

प्रयागराज में हुई भगदड़ के बारे में सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। यह घटना निस्संदेह विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक चर्चाओं को जन्म देगी। विपक्ष आलोचना करेगा, जबकि सरकार अपने कार्यों को सही ठहराने का प्रयास करेगी, लेकिन जो लोग मर चुके हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। प्रयागराज में संगम तट पर वर्ष 2013 के कुंभ मेले के दौरान 10 फरवरी दिन रविवार को मौनी अमावस्या का स्नान था। कुचलने और गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। जिनका अस्पताल में कई दिनों तक इलाज चला था। 1954 में मौनी अमावस्या के दिन नेहरू जी ने संगम में स्नान किया, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण था। इस कुंभ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हुआ। मौनी अमावस्या के स्नान के समय, एक हाथी नियंत्रण से बाहर हो गया और भगदड़ मच गई। इस दुर्घटना में करीब 500 लोग मारे गए।

भगदड़ के बाद भीड़ को नियंत्रित करने और सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रात के समय मेले में रोशनी के लिए 1000 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद, कुंभ मेले में हाथियों के उपयोग पर हमेशा के लिए रोक लगा दी गई। अपने घर में छोटा-सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है यहाँ तो पूरा विश्व आया हुआ है करोड़ों की संख्या में। एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिजाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।

कुछ लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। लिखना और आलोचना करना बहुत आसान है लेकिन जहाँ पर लाखों, करोड़ों लोगों की भीड़ हो और उसमें भी बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग हो। घाटों पर जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हो, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करके बाहर निकल रहे हो और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने जा रहे हों। हादसे की संभावना बनी रहती है और अफसोस हादसा हो ही गया। हमेशा याद रखें। प्रशासन एक-एक का हाथ पड़कर स्नान नहीं करवा सकता। हादसा कहीं भी हो सकता है। ना इसमें पूरा प्रशासन का दोष है और ना ही इसे विपक्ष की साज़िश कहा जा सकता है। यह महज एक हादसा है। हादसे के बाद पूरे संगम क्षेत्र में स्थिति बिलकुल सामान्य है लेकिन मीडिया अपने टीआरपी के लिए सनसनी पैदा कर रहा है। जबकि मीडिया की जिम्मेवारी है कि वह घटना (भगदड़) की वजह की रिपोर्टिंग पर करें।

इसके अतिरिक्त लोग महाकुम्भ में जिस श्रद्धा आस्था के साथ आएँ हैं, उसी श्रद्धा पूर्वक उन्हें कर्तव्यबोध भी रहे। सरकार के नियम, अनुशासन, चेतावनी का उसी आस्था से पालन करे। जब अयोध्या और काशी में आशातीत भीड़ हो गई है तो प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान भी नहीं किया जा सकता। सभी लोग त्रिवेणी संगम में ही स्नान के लिए हठ न करें, चालीस किलोमीटर इधर और उधर, यानी अस्सी किलोमीटर तक फैला हुआ स्नान घाट बनाया गया है। वहीं स्नान कर कृपया व्यवस्था में सहयोग बनाएँ।

ऐसा लगता है कि सरकार खुद को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के रूप में दिखाने पर केंद्रित है, जबकि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने में अधिक रुचि रखते हैं, आम भक्तों की भावनाओं की उपेक्षा करते हैं। ब्रह्म कल्प के दौरान लगभग 45 दिनों तक, शाही स्नान (शाही स्नान) प्रतिदिन होता है, फिर भी हमारे धार्मिक नेताओं ने इसे श्रद्धालुओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचाया है। इन नेताओं द्वारा कुंभ स्नान का वास्तविक महत्त्व जनता को पर्याप्त रूप से नहीं बताया गया है। यदि सनातन धर्म पर चर्चा करने के लिए अक्सर टेलीविजन पर आने वाले धार्मिक व्यक्ति कल्पवास के इन 45 दिनों के दौरान प्रत्येक प्रहर के दौरान स्नान के महत्त्व पर जोर देते, तो भारी भीड़ को अलग-अलग दिनों में फैलाया जा सकता था, जिससे संभावित रूप से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता था। अत्यधिक प्रचार के कारण महाकुंभ में बेहिसाब भीड़ जमा हो गई। इसके अतिरिक्त वीआईपी यानी अति विशिष्ट को जरूरत से ज्यादा महत्त्व और आमजन को अनेक रास्तों पर रोकना या वापस भेजना या मोक्ष मार्ग पर अति विशिष्ट के लिए अलग मार्ग भी एक कारण। भगदड़ के लिए बस एक छोटी–सी गलती की जरूरत होती है। एक बात और असरदार या धनी लोग द्वारा अपने पैसों के दम पर सामान्य तीर्थयात्रियों का हक मार लेना, उनको पीछे धकेल देना। क्या यह पाप नहीं है? क्या गंगाजी इस तरह के पापिओं के पाप धो पाएगी? दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आप किसी दूसरे के वाहन का प्रयोग मांगकर ना चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपको अपने निवेश संबंधी मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप पूरा ध्यान दें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। माताजी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं की चालों को समझना होगा, तभी आप आगे बढ़ पाएंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में वरिष्ठ सदस्यों से राय लेकर आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। पिताजी की आपको कोई बात बुरी लग सकती है। आपको काम के साथ-साथ सेहत को भी समस्याएं बढ़ने से आप परेशान रहेंगे। आप संतान को किसी कोर्स की तैयारी करा सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप परेशान रहेंगे। आपके बॉस से भी आपको किसी काम को लेकर डांट खानी पड़ सकती है। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकते हैं। आपको काम अधिक रहने के कारण आपका स्वभाव चिड़चिड़ा रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। भाई बहनों से कोई पारिवारिक मुद्दे को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कारोबार में आपको कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं वेकेशन पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोग थोड़ा सतर्क रहें, क्योंकि उनके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों में लापरवाही करने से बचना होगा। परिवार में लोग आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाने की आवश्यकता है, तभी वह अच्छी परफॉर्मेंस दे पाएंगे। आप किसी खेलकूद की प्रतियोगिता में भी भाग ले सकते हैं। आपको कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई प्रॉपर्टी संबंधित मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रिश्ते को लेकर बेहतर आगे बढ़ेंगे। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़े। आपको नौकरी में कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से मेहनत अधिक रहेगी। आप परिवार के सदस्यों के भी लिए भी कुछ समय निकलेंगे। अपने मन में किसी के प्रति नकारात्मक विचार न रखें। कार्यक्षेत्र में आपको किसी की मदद करने का मौका मिलेगा, तो आप आगे आएंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। मार्केटिंग से जुड़े लोग अच्छा नाम कमाएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों की बातों में आने से बचना होगा। जमीन-जायदाद से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं, उनकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में खुशियां आएंगी, जिन पर आप अच्छा खासा धन व्यतीत करेंगे। आपको कोई फैसला सोच समझकर लेने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण परेशान रहेंगे। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। बिजनेस में यदि कुछ समस्या चली आ रही थी, तो आप उन्हें भी दूर करने के पूरी कोशिश करेंगे। आपका पूरा फोकस अपने लक्ष्य पर रहेगा, तभी वह पूरा हो सकता है। अविवाहित जातकों के लिए बेहतर रिश्ता आ सकता है। रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

मीन- आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उन्हें मन मुताबिक काम मिलेगा। आपके मन में प्रेम और स्नेह बना रहेगा, लेकिन आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव रहने से आपको टेंशन भी अधिक रहेगी। आप किसी दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों की पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

## समाज सेवा के साइड इफेक्ट्स

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



शहर का नाम था सेवा नगर। यह शहर अपने बड़े-बड़े समाजसेवकों के लिए मशहूर था, जो अखबारों में फोटो छपवाने और भाषण देने में माहिर थे। इन्हीं समाजसेवकों की टोली में शामिल थे श्रीमान भोलानाथ, जिन्हें लोग सेवा के देवता कहकर बुलाते थे। भोलानाथ का परिचय उनके महान कार्यों से था। वे हर गली में सफाई अभियान चलाते, पर झाड़ू कभी खुद नहीं पकड़ते। हर साल वृक्षारोपण का आयोजन करते, पर पेड़ पानी के लिए तरसते। उनके नाम पर एक NGO भी था– मानव सेवा मिशन, जिसका काम सिर्फ मिशन शब्द तक सीमित था। एक दिन, भोलानाथ को एक नया सुविधा शुल्क विचार आया। उन्होंने तय किया कि गरीबों के बीच कंबल बाँटने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अपनी टीम को बुलाया और कहा, यह कंबल वितरण हमें अगले चुनाव के लिए तैयार करेगा। सोशल मीडिया पर हमारे फोटो वायरल होने चाहिए। टीम ने जमकर ताली बजाई। लेकिन समस्या थी कंबल खरीदने की। भोलानाथ ने तुरंत अपने सचिव रमेश को बुलाया और कहा, पुराने कंबल कहाँ हैं? वही बाँट देंगे। नए खरीदने की जरूरत नहीं। रमेश ने कहा, साहब, पुराने कंबल तो पिछले साल बांटने के बाद वापस इकट्ठा किए ही नहीं। भोलानाथ ने माथा पकड़ लिया। इस बार हमें कोई नया उपाय सोचना पड़ेगा, उन्होंने गहरी सांस लेते हुए कहा। तय हुआ कि पास के गोदाम से सस्ते, फटे-पुराने कंबल खरीदकर समाज सेवा का ढोंग किया जाएगा। कंबल आए, उन्हें साफ-सुथरा दिखाने के लिए प्रेस किया गया। हर कंबल पर मानव सेवा मिशन का नाम छपवाया गया। कार्यक्रम का दिन आया। मंच सजा, माइक लगाए गए, और गरीबों को न्योता दिया गया। लेकिन ये न्योता अपने आप में अनोखा था। गरीबों को कंबल पाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, और तीन गवाह लाने की शर्त रखी गई। जब गरीब पहुंचे, तो उन्हें लाइन में खड़ा कर दिया गया। ठंड से कांपते हुए वे भोलानाथ के भाषण का इंतजार कर रहे थे। भोलानाथ मंच पर आए और बोले, गरीबों की सेवा करना हमारा धर्म है। सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं। इस बीच, ठंड में इंतजार करते-करते कई लोग बेहोश होने लगे। रामलाल, जो एक बुजुर्ग थे, लड़खड़ाते हुए बोले, साहब, पहले कंबल दे दीजिए। भाषण बाद में सुन लेंगे। भोलानाथ ने इसे अपनी इज्जत पर चोट मान लिया। उन्होंने कड़क आवाज में कहा, समाज सेवा का मतलब समझते हो? यह कोई खैरात नहीं है। यह तुम्हारे भले के लिए है। आखिरकार, भाषण खत्म हुआ और कंबल बांटे जाने लगे। हर कंबल के साथ भोलानाथ की टीम फोटो खींचने में व्यस्त थी। सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो चल रहा था। लेकिन जैसे ही रामलाल को कंबल मिला, उसने चिल्लाकर कहा, यह कंबल तो फटा हुआ है! लोगों ने देखा तो पाया कि ज्यादातर कंबल फटे-पुराने थे। भीड़ में गुस्सा फैल गया। लोग चिल्लाने लगे, हमें यह मजाक नहीं चाहिए। हमारा अपमान क्यों किया जा रहा है? भोलानाथ ने तुरंत माइक संभाला और कहा, यह सब राजनीति है। कुछ लोग हमारी छवि खराब करना चाहते हैं। लेकिन मैं इन विरोधियों से डरने वाला नहीं। भीड़ ने उनकी बात अनसुनी कर दी और मंच की तरफ बढ़ने लगी। भोलानाथ और उनकी टीम को वहां से भागना पड़ा। अगले दिन अखबार में खबर छपी, समाजसेवा या दिखावा? सेवा नगर में गरीबों का अपमान।सोशल मीडिया पर भी लोग भोलानाथ का मजाक उड़ाने लगे। किसी ने लिखा, सेवा के नाम पर तमाशा, तो किसी ने कहा, कंबल से बड़ा छेद तो नैतिकता में है। भोलानाथ ने इन बातों को अनदेखा करने की कोशिश की। लेकिन अगले चुनाव में जब वे खड़े हुए, तो लोगों ने उन्हें वोट देने से इनकार कर दिया। अब भोलानाथ के पास न तो समाजसेवा का ढोंग बचा और न ही कोई समर्थक। उन्होंने गहरे अफसोस के साथ कहा, अगर मैंने वाकई सेवा की होती, तो शायद आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।




## विश्लेषण

# भगदड़ मचने के कारण और एहतियाती कदम !

सुनील कुमार महला



हाल ही में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस दर्दनाक हादसे में 90 लोग घायल हो गए। दरअसल,संगम तट से पहले बने द्वार के पास रात करीब 1 बजे भगदड़ की स्थिति बनी। वास्तव में, कई श्रद्धालुओं की मौत और घायल होने से यकायक मेला स्थल पर अफरातफरी मच गई। हालांकि,पुलिस, प्रशासन, आपदा प्रबंधन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन जो हुआ है वह बहुत ही दुखद है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में 28 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया के सियोल के इटावन में हैलोवीन कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 2 अक्टूबर को इंडोनेशिया के मलंग में एक फुटबॉल मैच के बाद 130 से अधिक लोगों की मौत का कारण बनी भगदड़ से पता चलता है कि भगदड़ कितनी खतरनाक होती है। वास्तव में किसी भगदड़ में मौत का सबसे आम कारण कंप्रेसिव एस्फिक्सिया को माना जाता है, जो एक खतरनाक स्थिति है, यह तब होती है जब शरीर पर बाहरी दबाव के कारण सांस लेना बंद हो जाता है?। पाठकों को जानकारी के लिए बताता चलूं कि महाकुंभ में स्नान के लिए 45 घाट बनाए गए हैं, लेकिन लोग मुख्य संगम पर ही स्नान करने की जिद करने लगे, जिससे भीड़ एक दूसरे को धक्का देते हुए आगे बढ़ने लगी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगे हुए बैरिकेटिंग टूटने लगे। बताया जा रहा है कुछ महिलाओं का दम घुटने लगा और वह नीचे गिरने लगी, जिससे भगदड़ और बढ़ गई और चीख पुकार मचने लगी। घटनास्थल का वह मंजर बड़ा ही भयावह था। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ किसी अफवाह के कारण पैदा होती है और भगदड़ में लोग दिशाहीन होकर इधर-उधर भागने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दम घुटने व कुचलने से चोटिल होने एवं मृत्यु की घटनाएँ होती हैं। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम,एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएँ, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएँ, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएँ आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएँ और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहाँ पहुँचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियाँ एवं संकरी सीढ़ियाँ, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियाँ, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है ,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। आग या बिजली का प्रसार भी अनेक बार भगदड़ मचने का कारण बन सकता है। इसलिए सुरक्षा और निगरानी के उपाय पुख्ता होने चाहिए। सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति से पूर्व रिहर्सल प्रैक्टिस भी की जानी चाहिए ताकि भगदड़ आदि के समय सुरक्षा उपायों को तुरंत किया जा सके। सीसीटीवी, आधुनिक तकनीक को भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है।पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवा, चिकित्सा सेवा एजेंसियों और आयोजक प्रबंधन के बीच समन्वय होना भी बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। संचार व्यवस्थाएं भी अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए। भगदड़ से बचने के लिए भगदड़ वाले स्थानों पर आगमन एवं निकास की समुचित व्यवस्था (पुरूष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग) यथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था होनी चाहिए।चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था, बिजली के तारों एवं उपकरणों में सुरक्षा के पूर्ण उपायों की व्यवस्था, पार्किंग की समुचित एवं सुचारू व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष, पर्याप्त रौशनी,वॉच टावर की व्यवस्था होनी चाहिए। इतना ही नहीं उपहार, भोजन, प्रसाद, कबंल आदि मुफत वितरण के दौरान भगदड़ रोकने की व्यवस्था की जाए एवं अधिक भीड़ होने पर सामग्री के विवरण पर प्रतिबंध लगाने हेतु आयोजकों का पर्याप्त निर्देश दिए जाने चाहिए। किसी भी स्थान पर अनावश्यक रूप से एक स्थान पर भीड़ नहीं लगानी चाहिए।छोटे बच्चों, महिलाओं, बीमारों या वृद्धों को मेले में ले जाते समय उनकी जेब में (या गले में लॉकेट की तरह) घर का पता और फोन नम्बर साथ रखा जाना चाहिए।भगदड़ के समय संयम पूर्ण व्यवहार करना चाहिए और घबराना नहीं चाहिए।किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नियंत्रण कक्ष में संपर्क स्थापित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।भीड़ वाले स्थान पर किसी भी प्रकार के पटाखे/ज्वलनशील पदार्थ नहीं ले जाना चाहिए तथा धूमपान नहीं करना चाहिए।प्रशासन की ओर से की जाने वाली घोषणाओं को ध्यान से सुनना चाहिए और उसके अनुसार व्यवहार करना चाहिए। यदि भीड़ में फंस जाएं तो किनारा ढूंढना चाहिए और किसी दीवार और पोल के सहारे खड़े हो जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में भीड़ में फंसने का डर कम रहता है। सीने और लंग्स को दबने से बचाना चाहिए। इमरजेंसी नंबर भी हर किसी के पास होने बहुत ही जरूरी हैं। यदि हम इन एहतियाती उपायों को अपनाएं तो भगदड़ से बचा जा सकता है।



एक नजर

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई करीब तीन साल पहले एक नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले आरोपित शंकर चौधरी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित ने पीड़िता पुलिस की गिरफ्त में से दुष्कर्म भी किया था। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण के साथ ही दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की है पुलिस ने आरोपित को न्यायालय पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेजा गया है जामुल टीआई कपिल देव पांडे ने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र निवासी शिकायतकर्ता ने 28 अप्रैल 2022 को थाना में आकर अपनी 15 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने अज्ञात आरोपित पर मामला दर्ज किया था पतासाजी के दौरान जानकारी हुई कि दुर्गा मंच के पास घासीदास नगर निवासी आरोपित 25 वर्षीय शंकर चौधरी ने पीड़िता को अगवा कर अपने घर पर छिपाकर रखा है। इस पर पुलिस ने आरोपित के घर से पीड़िता को बरामद किया। पूछताछ में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपित ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार उसका दैहिक शोषण भी किया है।

## व्यापारियों ने गणतंत्र दिवस मनाया



**छुरा, 30 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के व्यापारियों द्वारा छुरा नगर में उत्साहपूर्वक ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया।शुभम ट्रेडर्स के सामने किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष अशोक माधवानी के द्वारा ध्वजा रोहण किया।राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद जन-गण-मन का सामूहिक गान किया गया। इस दौरान समस्त किराना व्यापारी संघ,सराफा व्यापारी संघ,धान व्यापारी संघ,कपड़ा व्यापारी संघ,फैंसी व्यापारी संघ,बर्तन व्यापारी संघ,हार्डवेयर व्यापारी संघ द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहां कि देश की एकता,अखंडता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए संकल्प लिया गया। किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष अशोक माधवानी ने अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, ÷यह दिन हमें अपने संविधान और स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के योगदान को याद करने का अवसर प्रदान करता है। हमें मिलकर देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।÷ इस अवसर पर नगर के सभी संघों के व्यापारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन सूचना जारी

**दंतेवाड़ा, 30 जनवरी ।** आदिवासी विकास विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय अर्धशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों हेतु शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http:/postmatric&scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है, इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव और स्वीकृति ''लॉक'' करने के लिए विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 1 फरवरी से 17 फरवरी तक किया जाएगा। ''ड्राफ्ट प्रपोजल'' 1 फरवरी से 28 फरवरी तक तथा ''सेक्शन ऑर्डर'' 1 फरवरी से 20 मार्च तक ''लॉक'' किये जाएगें निर्धारित तिथियों के बाद शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन स्वीकृत नही किये जायेंगे। और ड्राफ्ट प्रपोजल एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था मुख्य स्वतः जिम्मेदार होंगे। ऑनलाईन राज्य पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए मैट्रिक छात्रवृत्ति, कक्षा 12वी से उच्चतर के आवेदन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाइन की जा रही है।

## प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण और फॉर्म स्क्रूटनी कार्य का किया अवलोकन

**दंतेवाड़ा, 30 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री अरविन्द वर्मा ने जिले में निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा वे आज नगरीय निकाय प्रत्याशियों की आवेदन फॉर्म की स्क्रूटनी के दौरान उपस्थित रहे। इसके साथ श्री वर्मा ने दंतेवाड़ा जिले के नगर पालिका परिषद किरन्दुल, बड़े बचेली एवं दंतेवाड़ा सहित नगर पंचायत गीदम के अंतर्गत मतदान केंद्रों में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए मतदान से संबंधी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए और इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिये बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली। इस दौरान निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# चारामा ब्लाक की कई पंचायतों, नगर पंचायतों में बेखौफ किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 30 जनवरी।** चारामा विकासखंड से होकर बहने वाली पवित्र एवं जीवन दायिनी कहे जाने वाली महानदी के किनारे बसे अनेक ग्राम पंचायतों तथा नगर पंचायत में अवैध तरीके से रेत उत्खनन का गोरखधंधा लबें समय से चल रहा है। अवैध तरीके से संचालित होने वाले रेत उत्खनन की जानकारी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ ही साथ पक्ष एवं विपक्ष के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों को भी है। इसके बावजूद यह कार्य दिन व रात में बराबर चल रहा है। रेत उत्खनन में जहां मानव श्रम का उपयोग करते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए वहां पर रेत तस्करों के द्वारा बडी-बडी मशीनों का उपयोग करते हुए क्षेत्र के ग्रामवासियों को रोजगार से वंचित किया जा रहा है तथा खनिज विभाग एवं पर्यावरण के नियमों को भी मशीनों के तले रौदा जा रहा है। चारामा विकासखंड एवं नगर चारामा से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे-30 राजधानी रायपुर से बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर सहित छत्तीसगढ़ के सीमांत जिलों को जोडने वाली एक मात्र मुख्य सड़क है जिस पर शासन के मंत्री, विधायकों सहित प्रशासन के सभी जिम्मेदार अधिकारियों का आना-जाना होता है इसके बावजुद नेशनल हाईवे पर पानी टपकाते दौड रहे रेत भरे हाइवा वाहनों को देखकर अपनी ऑखें मुंद लेते है।इन रेत तस्करों के द्वारा बेखौफतरीको से रेत उत्खनन एवं बडी-बडी हाइवा वाहनों से परिवहन के कारण ग्रामीण सडकें जर्जर हो रही है तथा हाइवा वाहनों के चलने से सडक एवं आसपास का क्षेत्र धुल धुसरित हो रहा है जिससे आम जन को सडकों में चलने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस प्रकार महानदी के विभिन्न घाटों से रेत उत्खनन एवं परिवहन नगर चारामा के वार्ड क्रमांक 13 से बीचों-बीच खेतों में अस्थायी सडक बनाकर करने के कारण नगर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाइवे में धुल का जमाव हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गयी है कि नेशनल हाइवे में वाहनों के पीछे उडने वाले धुल से सामने की गाडियां भी दिखाई नही पडती तथा सडक में रेत के कारण फ्लिसन हो गया है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं सडक किनारे व्यापार करने वाले को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सडक में उडने वाली धुल के कारण आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।

फ्लिहाल अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन से संबंधित रेत खदानों से ग्रामीण सहित नगर चारामा के नागरिक बेहद ही परेशान है तथा उनकी समस्याओं का कोई स्थायी हल नही निकल रहा है। शिकायत के बाद कहीं कोई छोटी मोटी कार्यवाही कर प्रशासन अपनी खानापूर्ति करती है बाद में दूसरे दिन फिर वहीं रेत खदान अवैध रूप से चालु हो जाता है। इस प्रकार अवैध रेत तस्करी के कारण हो रहे खराब सडके एवं उससे उडने वाली धुल के गुबार से परेशान लोगों के द्वारा शासन एवं प्रशासन पर पंचायत एवं निकाय चुनाव में अपना गुस्सा उतारने और सबक सिखाने की बातें चौक चौराहे पर होने लगी है। अगर ऐसी स्थिति निर्मित होती है तो निश्चित ही राज्य में सत्तारूढ पार्टी को चारामा विकासखंड के महानदी क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पंचायत चारामा के चुनाव में प्रतिकुल परिणाम देखने को मिल सकता है।

# प्रचार में जुटे प्रत्याशी ने जनता से मांगा समर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 30 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी से जगदलपुर शहर के महापौर प्रत्याशी संजय पांडे बुधवार सुबह से ही चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। उन्होंने चाय ठेला से लेकर डोर टू डोर संपर्क कर हर एक व्यक्ति से कमल फूल के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने जनता से कहा इससे पूर्व निगम में कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार थी। सारे विकास के कार्य ठप पड़े हुए हैं। दुकान आबंटन में भी निगम सरकार ने भ्रष्टाचार किया है। शहर की जनता के आशीर्वाद एवं सहयोग से इस बार नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। शहर के विकास के लिए नए प्रोजेक्ट बनाकर उसमें काम किया जाएगा। पार्टी ने एक छोटे से कार्यकर्ता के ऊपर जो विश्वास जताया है उसमें खरा उतरने का पुरा प्रयास है। पिछले 9 सालों से नगर निगम में दलगत राजनीति हुई है। शहर विकास के लिए पुरा खाका तैयार कर लिया गया है। विजयी सभी पार्षदगण के साथ मिलकर निगम में विकास का खांचा खींचेंगे। शहर को स्वच्छ बनाने ने महती भूमिका निभाएंगे। पुराने तालाबों का सौंदर्यीकरण एक चुनौती है। सभी बड़ी योजनाओं के लिए प्लानिंग के साथ काम किया जाएगा। 5 सालों में रोजगारमूलक काम होंगे। मालूम हो कि एक दिन पूर्व ही भाजपा ने महापौर प्रत्याशी के साथ ही सभी 48 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी के साथ कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया था। बुधवार सुबह प्रचार के बाद संजय पांडे अपने सभी पार्षदों के साथ स्क्रूटनी में शामिल हुए।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में दिया गया मतदान दलों को प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा, 30 जनवरी ।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के संबंध में आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में 521 अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स ने अधिकारी कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए गम्भीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बल दिया। इस क्रम में मतदान सम्बन्धी हरेक पहलुओं के तहत विस्तृत जानकारी देने के साथ ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपॅट उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

कंप्यूटर पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मतदान प्रक्रिया तथा मतदान समाप्ति के बाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा गया कि मतदान आरंभ करने के पहले मॉक पोल, व्हीव्हीपॅट की पर्चियों की गिनती, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति एवं सीआरसी इत्यादि को सुनिश्चित कर नियत समय पर मतदान प्रक्रिया को शुरू किया जाये। इसी तरह मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम को बंद करना, सीलिंग पूरी करना, मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को प्रतिपूरित करना और अन्य दस्तावेजों का संधारण अवश्य पूरा करने के बाद ही सामग्री जमा करने के लिए प्रस्थान करने को कहा गया। मतदान दलों को ईवीएम और व्हीव्हीपेट हैंडलिंग के लिए सतर्कता बरतने की समझाइश देते हुए कहा गया कि इस बारे में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनें और अपनी शकाओं का समाधान करें। इसके साथ ही मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने निर्देशित करते हुए अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इस हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन को सम्पन्न कराना हम सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। इस दिशा में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक आदर्श आचरण संहिता का पालन करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा सहित अन्य मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर कर्मचारियों का जिला कलेक्टर ने किया सम्मान

**दंतेवाड़ा, 30 जनवरी ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका दंतेवाड़ा से विश्वनाथ पटेल (सफाई दरोगा), चौती बाई, मणि कंचन स्व सहायता समूह, लक्ष्मी नारायण यादव, संतोष विश्वकर्मा, सदा सिंह ठाकुर और गुलाब सिंह ठाकुर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राजस्व विभाग से रिधू राम भास्कर और मनीराम नेताम, तथा नगर सेना से भुनेश्वरी पुजारी को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## किसानों को रबी फसल से वंचित करने खाद संकट उत्पन्न कर रही सरकार : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने रबी सीजन में धान फसल लेने वाले किसानों को सरकार द्वारा परेशान किए जाने का आरोप लगाया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि जिले के सोसायटियों में यूरिया व डीएपी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते किसान अधिक दर पर बाजार से रासायनिक खाद खरीदने विवश हो रहे हैं।चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के साय सरकार द्वारा पहले तो किसानों को रबी सीजन में धान फसल लेने से रोकने का फरमान जारी किया गया है। जिसका पूरा प्रदेश में विरोध हुआ था। अब जब साधन संपन्न किसान नलकूप, नहर सिंचाई, कुएं, ट्यूबवेल आदि के माध्यम से रबी की खेती करना चाहते हैं, उन्हें खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सरकार जान-बूझकर सोसायटियों में खाद का आबंटन नहीं कर रही है। प्रदेश सहित महासमुंद जिले के सरकारी सोसायटियों में किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। किसान मजबूरी में बाजार से ऊँचे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। यूरिया और डीएपी के दाम आसमान छू रहे हैं। 270 रुपए बोरी में मिलने वाला यूरिया अब बाजार में 600 रुपए में मिल रहा है। इसी तरह 1350 का डीएपी बोरी 1700 रूपए से भी अधिक दाम पर बिक रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को रबी धान फसल लेने से रोकने तथा उन्हें परेशान करने यह सोसायटियों में खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा।

# राजनैतिक दल के सदस्यों को दी गई तकनीकी जानकारी



**सुकमा,30 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में बुधवार को नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय सुकमा के सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से राजनीतिक दल के सदस्यों के समक्ष प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। आगामी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 हेतु मतदान केन्द्रों में उपयोग किये जाने वाले ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप तथा राजनीतिक दल के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन करने के पश्चात् रेंडमाइजेशन की एक-एक प्रति राजनीतिक दल के सदस्यों को उपलब्ध कराया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गयी। बैठक में राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी से खेमलाल सिंह, रमेश यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजेश नाग, सीपीआई से हड़मा मरकाम, बसपा से मास अमी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और निर्वाचन से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुकमा जिले के प्रेक्षक अश्वनी देवांगन ने किया निरीक्षण



**सुकमा,30 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य निर्वाचन आयोग ने सुकमा जिले के लिए त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए श्री अश्वनी देवांगन उप सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय को प्रेक्षक नियुक्त किया है। उन्होंने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय सुकमा में चल रहे अध्यक्ष और पार्षदों के चुनाव के लिए जारी नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा का अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, रिटर्निंग अधिकारी सुश्री मधु तेता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन




**सुकमा,30 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसी प्रकार जिला पंचायत में जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वदेशी आंदोलन में योगदान को याद किया गया। अधिकारियों ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और समाज में शांति, सद्भाव एवं नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया। शहर के अन्य शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में भी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## पंचायत एवं निकाय चुनाव के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**सुकमा,30 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने सुकमा जिले के लिए त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2014-25 के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए उप सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय श्री अश्वनी देवांगन (राप्रसे) को प्रेक्षक नियुक्त किया है। श्री अश्वनी देवांगन बुधवार को सर्किट हाऊस सुकमा पहुंचे और सर्किट हाउस में ठहरे हुए हैं। जिले के कोई भी व्यक्ति आम निर्वाचन संबंधी समस्या या सुझाव के लिए प्रेक्षक श्री देवांगन से प्रातः 10 बजे से 11 बजे एवं अपरान्ह 04 से 05 बजे तक सर्किट हाउस सुकमा में मुलाकात कर सकते हैं। प्रेक्षक श्री देवांगन का मोबाइल नंबर 078690-32989 है।

# स्ट्रीप्स क्वाइल लोड ट्रक चोरी मामले में दो पकड़े गए



**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई सुपेला घड़ी चौक से आधी रात 12 लाख रुपए से अधिक के स्ट्रीप्स क्वाइल से लोड ट्रक चोरी करने वाले ट्रक चोर सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस कुम्हारी टोल में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को पकड़ा है दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 27.28 जनवरी की रात 2ण्30 बजे प्रार्थी डूगेश्वर साहू ने ट्रक क्रमांक सीजी 07 एन ए 5125 के पीछे डाला में भरी 25ण्510 मीट्रिक टन स्ट्रीप्स क्वाइल कीमत 12 लाख 89 हजार 567 रुपए तथा वाहन के साथ कुल जुमला 22 लाख 89 हजार 567 रूपए को चोरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305 ;बीद्ध के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। इसके बाद सुपेला एवं एसीसीयु की संयुक्त टीम गाठित की। कुम्हारी टोल में लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिये पता चला कि आरोपी राजीव कुमार सिंह बिलासपुर रोड उरला क्षेत्र के कबाडी हरीचरण सिंह के कबाडी गोदाम मे 01 नग लोहे के स्ट्रीप्स क्वाइल वजनी करीब 2 टन बेचने गया है। सूचना मिलने पर घेराबंदी कर आरोपी राजीव कुमार सिंह ;40 वर्षद्ध निवासी कुठेला भाठा सिंगारपुर सीटी शादिल अंसारी किराये का मकान चौकी जेवरा सिरसा को गिरफ्तार कर चोरी के ट्रक को जब्त किया

# बम से बिल्डर की कार उड़ाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई पुलिस ने एक ऐसे सॉफ्ट वेयर इंजीनियर को पकड़ा है जो एक बिल्डर को सबक सिखाने के लिए यू-ट्यूब का सहारा लिया और बम बनाना सीखा इसके बाद रिमोट बम बना दिया। इसके बाद कोहका कुरुद रोड पर मंगलवार की शाम को बिल्डर के ऑफिस के बाहर खड़ी कार के नीचे लगाकर ब्लास्ट कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी वीडियो की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को शक था कि बिल्डर का उसकी पत्नी से अवैध संबंध है। इसे पकड़ने के लिए उसने मोबाइल पर फ्लैश टैग ऐप डाउनलोड किया था। सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने पत्रवार्ता में बताया कि रिपोर्ट के बाद निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी सुपेला, उप निरीक्षक गुरविन्दर %सिह संधू एवं एसीसीयू की टीम गठित की। मामले में हर एंगल से प्रार्थी के कार्य क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, दुश्मनी तथा अन्य कारणों के संबंध में जानकारी हासिल की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में मिले वीडियों के आधार पर संदेही के कद काठी, हुलिया बिल्डर के ऑफिस में कार्यरत असि. मैनेजर पूजा सिंह के पति से मिलता जुलता पाया गया पूजा सिंह के पति देवेन्द्र सिंह को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की कड़ी पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ अपनी पत्नी के अवैध संबंध होने का शक था। अपने मोबाइल फ्लैश टैग ऐप गया आरोगी डाउनलोड कर पत्नी के मोबाइल में इंस्टाल करने पर दोनों के मध्य अवैध संबंध होने के संदेह पर प्रार्थी को डराने के लिए स्वयं बच्चों के खिलौने वाले रिमोट से यू-ट्यूब देखकर टाईगर बम बनाना सीखा। आरोपी देवेन्द्र सिंह को लोक भारती स्कूल के पास रामनगर में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग किये स्कूटी एवं मोबाइल जब्त किया है पुलिस ने बताया कि पूजा बिल्डर के यहां लंबे समय से काम करती थी

## दलों के प्रतिनिधि शिकायत, सुझाव के लिए प्रेक्षक से कर सकते हैं सम्पर्क

**दंतेवाड़ा,30 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत प्रेक्षक श्री अरविन्द वर्मा (राज्य प्रशासनिक सेवा) को नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री अरविन्द वर्मा नगर पालिका दंतेवाड़ा, नगर पालिका बचेली, नगर पालिका किरंदुल, नगर पंचायत गीदम तथा नगर पंचायत बारसूर के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये है। इस संबंध में जनसाधारण और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अपनी शिकायत या सुझाव हेतु सर्किट हाउस दन्तेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 02 में कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रेक्षक श्री वर्मा से मोबाईल नम्बर 94252-59595 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### आर्ट ऑफ लिविंग ने किया प्रोजेक्ट पवित्रा वर्कशॉप का आयोजन



**खरसिया,30 जनवरी।** शासकीय कन्या मिडिल स्कूल खरसिया में आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा तीन दिवसीय प्रोजेक्ट पवित्रा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। ट्रेनर विभा अग्रवाल द्वारा बालिकाओं को पहली बार मासिक धर्म आने पर किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए उनका खान-पान कैसा हो, वो स्वच्छ रहकर कैसे स्वस्थ रह सकती है तथा बढ़ती उम्र में शरीर में होने वाले बदलावों की जानकारी विस्तार से दी गई। उन्हें योगा, प्राणायाम एवं अनेक प्रकार की मुद्राएं तथा ध्यान करना सिखाया गया। मासिक धर्म को लेकर समाज में किस प्रकार की भ्रांतियां है उसे प्रहसन के माध्यम से छात्राओं ने प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम के अंत में गायत्री हॉस्पिटल द्वारा बच्चों को केला, बिस्किट, सोहम पापड़ी का वितरण किया गया। उपरोक्त सफल कार्यक्रम में उप प्राचार्या, शिक्षिकाएं, स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वाहन अनुमति के लिए कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**रायगढ़, 30 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगर पालिक निगम निर्वाचन 2024-25 को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचरण संहिता के पालन सुनिश्चित करने हेतु छ.ग.कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत ध्वनिविस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर)के उपयोग के संबंध में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वाहन की नियमानुसार अनुमति देने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ सहायक ग्रेड-2 श्री देवेन्द्र वर्मा मोबा.नं.79871-50678 तथा जिला कार्यालय रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 श्री उत्तम निषाद मोबा.नं.93996-31972 को शामिल किया गया है।

### निर्वाचन कार्य के लिए केआईटी कालेज को किया गया अधिग्रहित

**रायगढ़, 30 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के सफल संचालन हेतु नगर पालिक निगम रायगढ़ के निर्वाचन प्रक्रिया के लिए रायगढ़ के गढ़उमरिया में स्थित किरोड़ीमल इंटीस्ट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी) कालेज रायगढ़ में स्थित कक्ष क्रमांक एफ-21 एवं एफ-22 में स्ट्रॉग रूम तथा शेष भवन/परिसर का सामग्री वितरण, वापसी, कमीशनिंग एवं मतगणना कार्य हेतु अधिग्रहण किया गया है।

### बिना दस्तावेज परिवहन पर कार्रवाई, 62 कट्टा धान जब्त



**महासमुंद, 30 जनवरी ।** जिले में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध धान परिवहन पर सख्ती जारी है। आज अतिरिक्त तहसीलदार बागबाहरा, राजस्व निरीक्षक खल्लारी एवं मंडी सचिव बागबाहरा की संयुक्त टीम ने ग्राम बरबसपुर भीमखोज खल्लारी के पास एक वाहन को जांच के लिए रोका। जांच के दौरान वाहन में 62 कट्टा धान लदा पाया गया, जिसके संबंध में वाहन चालक द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।बिना दस्तावेज धान परिवहन को मंडी अधिनियम के उल्लंघन के रूप में देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की। उक्त धान को जब्त कर खल्लारी समिति को सुपुर्द कर दिया।मंडी सचिव ने बताया कि मंडी अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार के कृषि उपज के परिवहन के लिए वैध दस्तावेज अनिवार्य होते हैं। बिना दस्तावेज के धान की ढुलाई करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भालू के हमले से चेरामंगी का ग्रामीण घायल



**बीजापुर 30 जनवरी ।** उसूर ब्लाक के चेरामंगी के जंगल में एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। सूत्रों ने बताया कि भालू उस वक्त ग्रामीण पर हमला किया जब वह जंगल से लकड़ी लेकर वापस घर आ रहा था। ग्राम चेरामांगी निवासी मारू ककेम भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए प्रारंभिक इलाज आवापल्ली में कराने के बाद बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी अनुसार ग्रामीण मारु ककेम की स्तिथि नाजुक बनी हुई है। वन विभाग परिक्षेत्र अधिकारी धनश्याम भगत ने बताया कि घायल ग्रामीण के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में लगी है। ग्रामीण शाम के समय गांव के पास लगी जंगल गया था उसी वक्त भालू ने हमला कर दिया। विभाग द्वारा मुआवजा राशि के लिए जानकारी ले रही है।

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन-25

# नगर निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक-8 एवं 16 से एक-एक अभ्यर्थी के नाम निर्देशन पत्र पाए गए अमान्य





**रायगढ़, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 हेतु नाम निर्देशन पत्र 22 से 28 जनवरी 2025 तक दाखिल किए गए। रायगढ़ नगर निगम हेतु अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रिटर्निंग ऑफिसर श्री रवि राही के द्वारा आज अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। इस दौरान प्रेक्षक श्री के.डी.कुंजाम, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, ज्वाईंट कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे है।

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 08 से संध्या भगत एवं वार्ड क्रमांक 16 से डॉ.श्रीधर स्वाई का नाम निर्देशन पत्र अमान्य पाए गए। इसके साथ ही रायगढ़ नगर निगम के अन्य सभी वार्डो के अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन विधिमान्य पाए गए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत 48 वार्डों के लिए कुल 177 अभ्यर्थियों के द्वारा पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। संवीक्षा पश्चात दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र अमान्य होने के पश्चात अब 175 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य है। इसी तरह नगर निगम रायगढ़ के लिए महापौर हेतु 9 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था। जिसमें सभी अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए।नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका परिषद खरसिया एवं नगर पंचायत पुसौर, किरोड़ीमलनगर, धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं लैलूंगा में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। जिसमें नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद के लिए 5, नगर पंचायत पुसौर में 04, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में 3, नगर पंचायत धरमजयगढ़ में 5, नगर पंचायत घरघोड़ा में 3 एवं नगर पंचायत लैलूंगा में अध्यक्ष पद के लिए 2 अभ्यर्थियों द्वारा नाम नामांकन दाखिल किया गया था। इसी तरह नगर पालिका परिषद खरसिया में पार्षद पद के लिए 59 अभ्यर्थी, नगर पंचायत पुसौर में 37, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में 30, नगर पंचायत धरमजयगढ़ में 39, नगर पंचायत घरघोड़ा में 45 एवं नगर पंचायत लैलूंगा में 41 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था। सभी नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए।

#### 31 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थी दें सकेंगे नाम वापस

नगरीय निकाय हेतु 01 महापौर, 06 अध्यक्ष एवं 141 पार्षद पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया होनी है। जिसके लिए 28 जनवरी 2025 तक नाम निर्देशन लिया गया। 31 जनवरी को अभ्यर्थी नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह आवंटन प्रक्रिया की जाएगी। इसके पश्चात 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी 2025 को मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## कलेक्टर ने समय पर कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को थमाया नोटिस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 30 जनवरी।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज सुबह 10 बजे जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि, मत्स्य, आरईएस, पीएमजीएसवाय, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास के कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्यालय के शाखाओं में जाकर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, स्थापना, आडिट फाइलों का भंडारण एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित शासकीय कर्मियों की जानकारी ली। निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सही समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के उप संचालक



श्री चंदन राय, सहायक संचालक श्री महेश पैकरा, रमेश निषाद, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री आलोक वशिष्ट, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री प्रकाश देवरे, एसडीओ नवीन चन्द्राकर, पीएमजीएसवाय कार्यालय के उप अभियंता इंद्रजीत कंवर, सहायक अभियंता विनय भिरवानी, सहायक ग्रेड-03 तोषण कुमार, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सुमीत कुमार यादव, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। इस दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यालय में लोकार्पण शिलान्यास के शिलालेख को निर्धारित कार्य स्थल पर चस्पा नहीं करने तथा शिलालेखों को कार्यालय में अनावश्यक रखने एवं कार्यालय पर मशीनों को व्यवस्थित रही करने पर एसडीएओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही इन कार्यालयों में फाईलों के रख-रखाव को व्यवस्थित करने एवं साफ-सफाई होने के उपरांत फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देश पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों में अनुशासनहीनता बर्दास्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर ने सभी कर्मियों को निर्धारित वेशभूषा, शासकीय पहचान पत्र आईडी कार्ड पहन कर ही कार्यालय आने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों को निर्धारित ड्रेस में ही कार्यालय आने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशा अनुसार सभी शासकीय सेवक निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित होकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने जिला अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों को भी निर्धारित समय में कार्यालय आने के नियम का पालन करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सभी शाखाओं में नस्तियों के व्यवस्थित संधारण एवं साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आलमारियों में रजिस्टर एवं दस्तावेजों को क्रमबद्ध तरीके से रख कर फाइलों के नाम युक्त सूची अलमारी में चिपकाने के निर्देश दिए। जिससे आसानी से फाइलों को कार्य अनुसार निकाला जा सके।

## ईवीएम कमीशनिंग के संबंध में सेक्टर अधिकारियों को दी गई विस्तृत जानकारी



**रायगढ़, 30 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नियुक्त सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आज सृजन सभा कक्ष में आयोजित किया गया।

जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने प्रशिक्षण में नगरीय एवं पंचायत निर्वाचनों के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्व तथा ईवीएम मशीन की कमीशनिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सेक्टर अधिकारियों को मतदान से पूर्व अपने सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों में उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधा जैसे बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप, टॉयलेट, मतदान कक्ष की व्यवस्था, पहुंच मार्ग, रूट चार्ट, आदर्श आचरण संहिता आदि से संबंधित दायित्व, मतदान दिवस के पूर्व दिवस एवं मतदान दिवस के कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने उपस्थित सभी सेक्टर अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स को नगरीय निकायों में मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए उपयोग की जाने वाली ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रवि राही ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचन कार्य में मिले दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ करने हेतु निर्देशित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन श्री समीर बड़ा, जिला मास्टर ट्रेनर विकास सिन्हा, डॉ.नरेंद्र पर्वत, अनिल गुप्ता सहित सभी सेक्टर अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

### नपा चुनाव ईवीएम से होंगे, नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

**महासमुंद, 30 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के माध्यम से कराया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले में आम नागरिकों को ईव्हीएम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए प्रत्येक मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर ईव्हीएम प्रदर्शन और मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वार्ड के शासकीय कार्यालय में ईव्हीएम प्रदर्शन-जानकारी केंद्र स्थापित किए जाएं, जहां एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा। इन केंद्रों में मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई जाएगी।

## वैशाली नगर महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस-2025 दिल्ली में अपनी सहभागिता दी






**भिलाई, 30 जनवरी।** कर्तव्य पथ दिल्ली में 2025 आरडीसी परेड में वैशाली नगर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की स्वयंसेवीका कुमारी काजल निषाद ने इस वर्ष अपनी सहभागिता देकर पूरे महाविद्यालय परिवार को गौरांवित किया है कुमारी काजल निषाद ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आरडीसी परेड के लिए चयनित हुई है जिसमें पूरे भारतवर्ष के लगभग 200 योग्य विद्यार्थियों को चुना जाता है जिसमें काजल निषाद का चयन हुआ है जो कि पूरे प्रदेश के लिए बहुत ही गर्व का विषय है, इसी क्रम में वैशाली नगर महाविद्यालय के एनसीसी के विद्यार्थी का चयन प्रधानमंत्री रैली के लिए इसी वर्ष हुआ है वैशाली नगर महाविद्यालय की ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की दो विद्यार्थी कुमारी नेहा देवांगन एवं कुमारी चंचल जांगड़े का चयन प्रधानमंत्री रैली में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए हुआ है जिनके द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य का प्रदर्शन किया गया है इस तरह से प्रथम बार ऐसा हुआ है कि वैशाली नगर महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन एक साथ अलग-अलग क्षेत्र में गणतंत्र दिवस 2025 में हुआ है वैशाली नगर महाविद्यालय के चार स्वयंसेवक इस वर्ष कर्तव्य पथ पर उपस्थिति रही है जिसके लिए पूरा महाविद्यालय गौरांवित महसूस कर रहे हैं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर चांदनी मरकाम है जिनके नेतृत्व में विद्यार्थियों के द्वारा कार्य किया जा रहा है, एनसीसी के ऑफिसर प्रोफेसर महेश कुमार अलेन्द्र है जिनके नेतृत्व में एनसीसी विद्यार्थी का चयन प्रधानमंत्री रैली के लिए हुआ है समस्त विद्यार्थियों के चयन होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती अलका मेश्राम ने अत्यधिक प्रसन्नता दिखाते हुए अपनी शुभकामनाएं चारों विद्यार्थियों की ओर प्रेषित की है तथा इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाइयां एवं अपने आशीष वचन सभी को प्रदान किया है इस अवसर पर पूरे महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों में बहुत ही उत्साह और जोश का वातावरण है इन होनहार विद्यार्थियों के वापसी की तैयारी महाविद्यालय में बहुत जोर शोर से चल रही है ।

### 'स्वीप' के तहत मैराथन दौड़ 1 फरवरी को

**कांकेर, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी 01 फरवरी शनिवार को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर सभी अनुविभाग अंतर्गत ''दौड़ लगाएगा कांकेर, मतदान करेगा कांकेर'' की तर्ज पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। उन्हांने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका एवं नगर पंचायत अधिकारी को स्थानीय स्तर पर तैयारी कर रहे युवाओं के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए मैराथन दौड़ का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर क्षीरसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय में पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय कांकेर में 01 फरवरी को प्रातः 07 बजे आयोजित किया जाएगा।

## नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा,एक अभ्यर्थी का पत्र विधिमान्य नहीं पाया गया



**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रिटर्निंग ऑफिसर श्री जागेश्वर कौशल ने बताया कि नगरपालिका निर्वाचन 2025 के तहत नगरपालिका बीजापुर के 15 वार्डो में पार्षद पद के लिए 36 अभ्यर्थियों एवं नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रेक्षक श्री नीलम टोप्पो की उपस्थिति में की गई। संवीक्षा में पार्षद पद के 36 अभ्यर्थियों की संवीक्षा में केवल एक अभ्यर्थी वार्ड क्रमांक 08 हेतु प्रेमलता सलाम आम आदमी पार्टी का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य नहीं पाया गया क्योकि निर्धारित आयु सीमा पूर्ण नहीं करना बताया गया, शेष सभी नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए। वधिमान्य पाए गए अभ्यर्थियों में वार्ड क्रमांक -1 शहीद बुधराम राणा नगर वार्ड से लक्ष्मण कड़ती, सदाशिव राना इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं अरविंद पुजारी भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -2 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से वर्षा कुंजाम इण्डियन नेशनल कांग्रेस एवं यशोदा पैंकरा भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक-03 बीजा हल्बा नगर वार्ड से हितेश साहनी भारतीय जनता पार्टी एवं हरिन्धर मांझी इंडियन नेशनल कांग्रेस, वार्ड क्रमांक -04 महात्मा गांधी वार्ड से बेनहूर रावतिया इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं हरिश बेलसरिया भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -05 डॉ. अंबेडकर वार्ड से शोसांती कुजूर एवं करूणा नाग इंडियन नेशनल कांग्रेस, राधा लकडा भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक-06 इंदिरा गांधी वार्ड से स्मिता सत्येन्द्र पंथ इंडियन नेशनल कांग्रेस, संध्या हलदर एवं सुगन्ती चालकी भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -07 शांति नगर वार्ड से सम्माराम हेमला इण्डियन नेशनल एवं मुन्ना ताती भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -08 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड से संगीता नाग इण्डियन नेशनल कांग्रेस, बसन्ती लिंगम भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -09 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड से राजीव सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस, सुनील साहू एवं भुवन सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -10 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से बबीता झाड़ी इंडियन नेशनल कांग्रेस, माहेश्वरी झाड़ी एवं धनलक्ष्मी झाड़ी भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -11 स्व. मोहन लाल नेताजी वार्ड से कलाम खान इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं संजय कुमार रिवानी भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -12 सुभाष चन्द्र वार्ड से पुरुषोत्तम सल्लूर इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं विक्रम कुमार दुधी भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -13 प्रवीर चन्द्र वार्ड से प्रवीण कुमार डोंगरे इंडियन नेशनल कांग्रेस, मुकेश राठी भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक -14 चिकट राज नगर वार्ड से महेश बेलसरिया इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं सत्यवती परतागिरी भारतीय जनता पार्टी, वार्ड क्रमांक -15 शहीद नारायण नगर वार्ड से अखलेश नाग इण्डियन नेशनल कांग्रेस एवं पुरुषोत्तम भंडारी भारतीय जनता पार्टी शामिल है। इसी तरह अध्यक्ष पद के लिए सुनीता जितेन्द्र हेमला इण्डियन नेशनल कांग्रेस एवं गीता सोम पुजारी भारतीय जनता पार्टी का नाम शामिल है।

## नगरपालिका का चुनाव ईवीएम से होगा



**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका चुनाव ईव्हीएम मशीन से कराया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीन से वोट डालने के लिए मतदाताओं को व्यापक स्तर पर जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में नगरपालिका बीजापुर के विभिन्न वार्डो में जाकर एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर में भी जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। मतदाताओं में भी ईव्हीएम मशीन से वोट डालने की उत्सुकता देखने को मिल रही है। यह कार्यक्रम 24 जनवरी से निरंतर जारी है जिसमें वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक निर्धारित तिथियों में कर्मचारियों द्वारा वार्ड-वार्ड जाकर जागरूक किया जा रहा है। वहीं मशीन से जुड़े मतदाताओं के शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है। जिसके लिए नामजद प्रभारी एवं सहायक प्रभारी की नियुक्ति की गई है।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में पति को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मृतिका के द्वारा तहसीलपारा किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में थाना कोतवाली बीजापुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।मर्ग जांच में गवाहों के कथन एवं उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मृतिका के पति धनीराम साहू के द्वारा पत्नि को प्रताड़ित करने के फलस्वरूप आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित करना पाये जाने से कोतवाली बीजापुर द्वारा मामले में धारा 108 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते हुए दिनांक 29/01/2025 को आरोपी पति धनीराम साहू पिता बल्लूराम साहू उम्र 28 वर्ष ग्राम नूनपाली थाना सराईपाली जिला महासमुंद को गिरफ्तार किया गया।प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध थाना बीजापुर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।



## समावेशी शिक्षा के उद्देश्य प्राप्ति के लिए शैक्षिक प्रशासक एवं पालक अभिभावक को दिया गया प्रशिक्षण




**बीजापुर 30 जनवरी ।** दिव्यांग छात्रों के अध्ययन और अध्यापन में आने वाली दिक्कतों से निपटने और बेहतर सुविधा देने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डाइट ) जिला बीजापुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रारंभिक स्तर के प्रधान पाठक, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं माध्यमिक स्तर से प्राचार्य एवं व्याख्याता को प्रशिक्षित एवं दिव्यांग बच्चों के पालक, अभिभावकों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक कमल दास झाड़ी ने दिव्यांग बच्चों की अध्ययन, अध्यापन में आने वाली समस्याओं के बारे में शिक्षकों से चर्चा करते हुए दिव्यांग बच्चों को बेहतर सुविधा प्रदान करने तथा नई शिक्षा नीति एवं समावेशी शिक्षा की अवधारणा, निःशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में बताया। प्रशिक्षण में एपीसी तारकेश्वर पैकरा ने समावेशी शिक्षा के उद्देश्य प्राप्ति में शैक्षिक प्रशासक एवं पालक अभिभावक की भूमिका, दिव्यांग बच्चों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से सभी दिव्यांग बच्चों एवं उनके पालक, अभिभावकों को प्रशिक्षित करने आश्वस्त किया गया। प्रशिक्षण बीजापुर बीआरपी चितुराम बघेल, भोपालपटनम अनिरुद्ध गिलहरे, आवापल्ली बेदराम निषाद एवं भैरमगढ़ सुनील तायवाडे द्वारा प्रदान की गई। कार्यशाला सह प्रशिक्षण को समर्थ संस्था सहित डाइट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस ने पकड़ा 100 पेटी मप्र निर्मित शराब का जखीरा, 4 गिरफ्तार

- **आरोपियों से 7,98,000 कीमत मूल्य की 100 पेटी गोवा व्हिस्की शराब (5000 पाव) व परिवहन में प्रयुक्त टाटा एस वाहन भी किया गया जब्त**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 29.01.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा कृषि उपज मंडी पनगांव रोड बलौदाबाजार के पास घेराबंदी कर टाटा एस वाहन के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 04 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 7, 98, 000 कीमत मूल्य का 100 पेटी (5000 पाव) मध्य प्रदेश निर्मित, एमपी गोवा व्हिस्की शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त टाटा एस वाहन क्र. छ्त्त22 ॠ3277 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।






**आरोपियों के नाम**

1. देव कुमार यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी
2. रितेश साहू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी
3. प्रीतेश गुप्ता उर्फ बाबा उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 पलारी थाना पलारी
4. भक्त प्रहलाद डहरिया उम्र 18 वर्ष 2 माह वार्ड क्रमांक 10 पलारी थाना पलारी

## समाचार संक्षेप

## कलेक्टर ने 3 अपराधियों को किया जिलाबदर



**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के तीन आदतन अपराधियों को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। सांथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं। जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत क्रमशः दाण्डिक प्रकरण क्र. 202307210100046, 202412210100025 एवं 202412210100029 में पारित आदेश दिनांक 28.01.2025 के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिलाबदर आरोपियों को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। जिला बदर आरोपी महेश्वर उर्फ डीके वर्ष 2009 से लगातार लूट, चोरी, नकबजनी, जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त रहा है। इसके सांथ ही वह छेडछाड, मारपीट एवं अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अपराधों में भी सक्रिय रहा है। इसके विरुद्ध लूट, चोरी नकबजनी, छेडछाड, मारपीट आदि का 15 प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत 04 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला बदर आरोपी विशाल साहू वर्ष 2022 से लगातार लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, बलवा आदि अपराधों में लिप्त रहा है। इसके विरुद्ध मारपीट, बलवा आदि का 05 प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत 04 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला बदर आरोपी अनिल तिवारी वर्ष 2004 से लगातार लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, जुआ खेलने आदि अपराधों में लिप्त रहा है। इसके विरुद्ध मारपीट, जुआ आदि का 08 प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत 09 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिलाबदर आरोपियों के नाम महेश्वर उर्फ डीके निवासी परसाभदेर रोड भाठागांव थाना सिटी कोतवाली, विशाल साहू उम्र 22 साल निवासी पारस नगर सेक्टर 01 कसडोल थाना कसडोल, अनिल तिवारी उम्र 40 साल निवासी बजरंग चौक कसडोल थाना कसडोल है।

## एक नजर

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर की गई करवाई

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5400 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 4800 समन शुल्क, नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 59 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 17, 700 समन शुल्क वसूल एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 09 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 4500 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 27.01.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 122 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 41, 000 समन शुल्क वसूल किया गया है।

### 1 व 2 फरवरी को होगा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन एवं जिला खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 1 एवं 2 फ़रवरी 2025 को जिला स्तरीय कबड्डी, व्हॉलीबाल एवं बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को जिला खेल संघ, जिला शिक्षा अधिकारी एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रतियोगिता आयोजन के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने आने वाले खिलाड़ियों के आने जाने हेतु वाहन की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल, ग्राऊंड सुधार, नोडल अधिकारी की नियुक्ति, निगरानी समिति गठन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिए।बताया गया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाडी कबड्डी में अंडर 19 बालक - बालिका,19 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला,व्हॉलीबाल अंडर 19 बालक एवं बालिका,19 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला, बैडमिंटन अंडर 13 बालक,अंडर 15 बालक, अंडर 17 बालिका एवं सीनियर पुरुष खिलाडी शामिल होंगे। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अतुल शेट्टे,डीईओ हिमांशु भारतीय, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, पंच, सरपंच व जिपं सदस्य बनने दावेदार आजमा रहे भाग्य

# दो दिन में 1879 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नाम निर्देशन पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत दो दिन में जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद हेतु जिले के कुल 1879 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग ऑफ़िसर कार्यालय में जमा किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जनवरी 2025 तक जिला पंचायत सदस्य पद हेतु 3 अभ्यर्थियों ने जिला पंचायत सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री दिव्या अग्रवाल के पास नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। इसीतरह जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत जनपद सदस्य हेतु 2, सरपंच हेतु 38 एवं पंच पद हेतु 328, जनपद पंचायत भाटापारा अंतर्गत जनपद सदस्य हेतु 2, सरपंच हेतु 19 एवं पंच पद हेतु 145, जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत जनपद सदस्य हेतु 9, सरपंच हेतु 48एवं पंच पद हेतु 503, जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत जनपद सदस्य हेतु 9, सरपंच हेतु 48एवं पंच पद हेतु 503, जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत जनपद सदस्य हेतु 5, सरपंच हेतु 29 एवं पंच पद हेतु 259 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है।नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही 27 जनवरी से प्रारम्भ हुआ है जो 3 फ़रवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक जारी रहेगा।

ज्ञातव्य है कि पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत सदस्य के कुल 18, जनपद सदस्य के कुल 125, सरपंच के 519 एवं पंच पद हेतु कुल 6828 पदों पर निर्वाचन की कार्यवाही जारी है।



### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत भरुवाडीह के सचिव रामनाथ बांधे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत भरुवाडीह के सचिव रामनाथ बांधे का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए ग्राम पंचायत सेम्हराडीह में ड्यूटी लगाई गई थी। 27 जनवरी 2025 को ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों को अदेय प्रमाण पत्र जारी होने में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने से निर्वाचन कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही व उदासीनता बरती गई।यह कृत्य छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने से दंडनीय है। निलंबन अवधि में सचिव रामनाथ बांधे का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल नियत किया गया है। इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### संवीक्षा उपरांत अध्यक्ष के 55 एवं पार्षद पद के 459 विधिमान्य अभ्यर्थी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** जिले के 8 नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु दाखिल नाम निर्दशन पत्रों की संवीक्षा बुधवार को की गई। संवीक्षा के उपरांत अध्यक्ष पद हेतु 55एवं पार्षद पद के 459 विधिमान्य अभ्यर्थी पाए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका बलौदाबाजार में अध्यक्ष के 6 एवं पार्षद पद के 63, नगर पालिका भाटापारा मे अध्यक्ष के 10 एवं पार्षद के 114, नगर पालिका सिमगा में अध्यक्ष के 9एवं पार्षद के51, नगर पंचायत पलारी में अध्यक्ष के 5एवं पार्षद के44, नगर पंचायत रोहांसी में अध्यक्ष के 5एवं पार्षद के44, नगर पंचायत लवन में अध्यक्ष के 7एवं पार्षद के49, नगर पंचायत कसडोल में अध्यक्ष के 8एवं पार्षद के53, नगर पंचायत टुंडरा में अध्यक्ष के 5 एवं पार्षद के 41 विधिमान्य अभ्यर्थी हैं। पार्षद पद के 5 नाम निर्देशन पत्र ख़ारिज हुए जिसमें नगर पालिका बलौदाबाजार के 3 एवं भाटापारा के 2 शामिल हैं।

### भाजपा में चुनाव का जोश, कांग्रेस में बागी बिगाड़ सकते हैं समीकरण



**छुरिया, 30 जनवरी (तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इस बार नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की स्थिति डावाडोल दिख रही है ।अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से 6 बागी होकर निर्दलीय नामांकन फार्म दाखिल किए हैं वहीं पार्षद पद में भी कांग्रेस से 9 बागी नामांकन फॉर्म भरे हैं जिसमें वार्ड क्रमांक 2 से अकील कुरैशी पिता लाल मोहम्मद, वार्ड नंबर 5 से सादिक मेमन पिता हबीब भाई मेमन ,वार्ड नंबर 6 से आशिक खान पिता हुसैन खान, अनिल लरोकर पिता चेतराम लारोकर ,वार्ड नंबर 7 से अनवरी खान पिता मुजफ्फर खान, वार्ड नंबर 8 से रेणुका साहू पति भोजवानी साहू ,वार्ड नंबर 10 से ताहिर खान पिता एम ए खान, वार्ड नंबर 12 से जायदा बेगम /रामकुमार बेगम ,वार्ड नंबर 14 से नारद राम पिता गोविंद राम और अन्य दल से 3 उम्मीदवार ,वार्ड क्रमांक 5 से विक्की वैध पिता केशोराम वैध आम आदमी, वार्ड नं 14 राजेश कुमार मंडावी पिता शिव सिंह मंडावी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से, वार्ड नं 15 आकाश मंडावी पिता दुखवाराम मंडावी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से।

**मान मन्नवल का खेल शुरू :** अब देखना है कि 31 जनवरी नाम वापसी के दिन कितने उम्मीदवार अपना नाम वापस लेते हैं। वही कांग्रेस के आला नेताओं के द्वारा इन दो दिनों में 29 और 30 जनवरी में कितने अध्यक्ष पद के बागी और कितने पार्षद पद के बागी उम्मीदवार को मानमन्नवल करवाने में सफल या फिर विफल होते हैं यदि सफल होंगे तो चुनाव और परिणाम की स्थिति अलग होगी और विफल होते हैं तो भाजपा को कहीं न कहीं फायदा होना सुनिश्चित है।

**कांग्रेस के दो अधिकृत पार्षद प्रत्याशी नामांकन के आखिरी दिन बदले:** मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 4 में रेणुका साहू और वार्ड क्रमांक 14 में नारद उईके का नाम अधिकृत हुआ था। जिसको नामांकन की आखिरी दिन कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा द्वारा बदलकर वार्ड क्रमांक 4 मे योगेश्वरी सिन्हा पति लेख राम सिन्हा तथा वार्ड क्रमांक 14 में लोकेश मंडावी को अधिकृत कर नामांकन दाखिल की गई ।

### अंतर जिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

# गिरोह के 9 आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** 21 जनवरी को ग्राम हसुवा में मोटरसाइकिल से चोरी का बैटरी बेचने की फिराक में घूमते हुए 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। कि आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक बड़े अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के संबंध में पता चला। गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड दर्ज है। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा धारा 317(2), 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 35(1)(5) बीएनएसएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर इस चोर गिरोह के 04 अपचारी बालकों सहित कुल 09 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों द्वारा जिला जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, रायपुर एवं कोरबा में भी सिलसिलेवार वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। कि प्रकरण में आरोपियों से चोरी का 12 मोटरसाइकिल एवं 01 नग बैटरी बरामद किया गया है। प्रकरण में पूरी तत्परता एवं गहन छानबीन करते हुए अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के 09 आरोपी सदस्यों को पकड़ने एवं चोरी का 12 मोटरसाइकिल बरामद करने वाले पूरी पुलिस टीम के कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 29.01.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम में शामिल समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**पुरस्कृत पुलिस टीम की जानकारी**

1. निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी गिधौरी
2. सहायक उप निरीक्षक संजीव राजपूत सायबर सेल
3. सहायक उप निरीक्षक एन.आर.साहू थाना गिधौरी
4. आरक्षक क्र. 740 विनोद वर्मा सायबर सेल
5. आरक्षक क्र. 593 गौरीशंकर कश्यप सायबर सेल
6. आरक्षक क्र. 354 दुर्गेश साहू थाना गिधौरी
7. आरक्षक क्र. 762 राकेश पाटले थाना गिधौरी
8. आरक्षक क्र. 665 सुजीत तम्बोली थाना गिधौरी

### शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 27 जनवरी को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4400 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम सोमनाथ साहू उम्र 26 साल निवासी ग्राम संडी थाना पलारी है।





## नाम परिवर्तन

मैं प्रवीण कुमार आ. मानिक लाल जाति-गोड़ वार्ड नं. 18 दल्लीराजहरा तह. डौण्डी जिला बालोद छ.ग. का मूल निवासी हूं। मेरा वास्तविक वो सही नाम प्रवीण कुमार आ. मानिक लाल PRAVIN KUMAR S/O MANIK LAL है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखों आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है।

जब मेरे नाम पर आर.टी.ओ से हैवी ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किया गया था उसमें मेरा नाम प्रवीण कुमार आ. मानिक PRAVEEN KUMAR S/O MANIK अंकित हो गया है जबकि मेरे विभिन्न दस्तावेजों में मेरा नाम प्रवीण कुमार आ. मानिक लाल PRAVIN KUMAR S/O MANIK LAL अंकित है। अतः मैं अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम प्रवीण कुमार आ. मानिक लाल PRAVIN KUMAR S/O MANIK LAL अंकित करवाना चाहता हूं।

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि विभिन्न अभिलेखों में दर्ज नाम प्रवीण कुमार आ0 मानिक लाल PRAVIN KUMAR S/O MANIK LAL एवं ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज नाम प्रवीण कुमार आ. मानिक PRAVEEN KUMAR S/O MANIK मेरे एक ही व्यक्ति का ही नाम है। यदि बाद में उक्त दोनों नाम अलग-अलग व्यक्ति का होना पाया गया तो उसकी पूरी जवाबदारी मुझ पर होगी।

मुझे अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम प्रवीण कुमार आ. मानिक लाल PRAVIN KUMAR S/O MANIK LAL दर्ज करवा कर नया ड्रायविंग लायसेंस प्राप्त करने हेतु श्रीमान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बालोद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है।

शपथकर्ता
प्रवीण कुमार

## नाम परिवर्तन

मैं विनोद कुमार आ. लूसुराम जाति-तेली ग्राम कोपेडेरा तह. डौंडी जिला बालोद छ.ग. का मूल निवासी हूं। मेरा वास्तविक वो सही नाम विनोद कुमार आ. लूसुराम VINOD KUMAR S/O LUSURAM है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखों आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है ।

जब मेरे नाम पर आर.टी.ओ से हैवी ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किया गया था उसमें मेरा नाम विनोद कुमार साहू आ. स्व.आर.एस.साहू VINOD KUMAR SAHU S/O LATE R.S.SAHU अंकित हो गया है जबकि मेरे विभिन्न दस्तावेजों में मेरा नाम विनोद कुमार आ. लूसुराम VINOD KUMAR S/O LUSURAM अंकित है। अतः मैं अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम विनोद कुमार आ. लूसुराम VINOD KUMAR S/O LUSURAM अंकित करवाना चाहता हूं।

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि विभिन्न अभिलेखों में दर्ज नाम विनोद कुमार आ. लूसुराम VINOD KUMAR S/O LUSURAM एवं ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज नाम विनोद कुमार साहू आ. स्व. आर.एस. साहू VINOD KUMAR SAHU S/O LATE R.S.SAHU मेरे एक ही व्यक्ति का ही नाम है यदि बाद में उक्त दोनों नाम अलग-अलग व्यक्ति का होना पाया गया तो उसकी पूरी जवाबदारी मुझ पर होगी।

मुझे अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम विनोद कुमार आ. लूसुराम VINOD KUMAR S/O LUSURAM दर्ज करवा कर नया ड्रायविंग लायसेंस प्राप्त करने हेतु श्रीमान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बालोद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है।

शपथकर्ता
विनोद कुमार


### जिला प्रशासन के नोटिस के बाद श्री सीमेंट प्रबंधन ने परिसंकटमय पदार्थ के उपयोग पर लगाई रोक

# कलेक्टर के निर्देश पर सयंत्र परिसर के भीतर दुर्गंध नियंत्रण इकाई की हुई स्थापना

- **प्रबंधन ने सयंत्र में सभी सुरक्षा उपायों को अपनाने की कही बात ताकि आसपास के नागरिकों को भविष्य में न हो कोई दिक्कत**
- **जिला प्रशासन सयन्त्र द्वारा प्रस्तुत अंतिम जवाब अवलोकन कर करेगा अग्रिम कार्रवाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** जिला प्रशासन के नोटिस के बाद जिले के सिमगा ब्लॉक स्थित सीमेंट्स संयंत्र प्रबंधन द्वारा अपने संयंत्र में परिसंकट मय पदार्थ के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

सीमेंट सयंत्र के द्वारा प्रस्तुत अंतरिम जवाब में खपराडीह संयत्र में परिसंकटमय पदार्थों के उपयोग में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिये जाने तथा संयंत्र प्रबंधन द्वारा भविष्य में इस प्रकार के पदार्थ का उपयोग अल्टरनेट फ्यूल रॉ मटेरियल के रूप में उपयोग नहीं किये जाने के निर्णय से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है। इसके साथ ही सीमेंट सयंत्र के द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार शेड निर्माण, नाली एवं न्यूट्रलाईजेशन पिट निर्माण का कार्य द्रुत गति से प्रांरभ किये जाने, संस्थान के अंतर्गत कामगारों की समुचित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षात्मक उपकरणों का प्रबंधन किये जाने तथा अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स के निस्तारण हेतु मानक कार्य पद्धति (एसओपी) के अनुसार ही कार्य किये जाने की समुचित व्यवस्था किये जाने तथा इसी संबंध में समस्त जानकारियों को प्रावधानानुसार प्रदर्शित कर दिये जाने की जानकारी दी गई। प्रस्तुत नोटिस में संयंत्र परिसर के भीतर दुर्गंध नियंत्रण ईकाई की स्थापना कर दिये जाने की जानकारी दी गई है। कलेक्टर सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संयंत्र प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत अंतरिम जवाब का अवलोकन किया जा रहा है। इसके बाद प्रस्तुत अंतिम जवाब का अवलोकन करने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशाससन की पूरी संवदेना प्रभावित बच्चों और उनके परिवार के साथ है।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा विगत दिनों संयंत्र के ए.एफआर क्षेत्र में उत्पन्न तीक्ष्ण दुर्गंध के कारण स्कूली बच्चों के सेहत पर दुष्प्रभाव के मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से ए.एफआर. क्षेत्र सील करने की कार्रवाई के साथ नोटिस भी जारी किया गया था। सोनी ने रहवासियों के हित के लिए दुर्गंध से बचाव के तत्काल उपाय करने के निर्देश भी संयंत्र प्रबन्धन को दिए थे।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर हटाने पर मिश्रा व आहूजा का जनता ने माना आभार

**रायपुर, 30 जनवरी।** इंदिरा गांधी वार्ड, नहरपारा से लोगों की जान के लिए खतरा बने विद्युत ट्रांसफार्मर को दो सालों के अथक प्रयास के बाद अंततः हटा दिया गया है। इस ट्रांसफार्मर को जनहित में हटाने नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष तथा समाजसेवी रमेश आहूजा ने लगातार प्रयास किया था इसके लिए उन्होंने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को कई बार पत्र भी लिखा था। आहूजा ने रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा से इस संबंध में चर्चा की थी। रमेश आहूजा व पुरंदर मिश्रा के प्रयास से ट्रांसफार्मर को हटा दिया गया है। मुस्कान प्रोविजन स्टोर्स संचालकर मनोज खुर्सीजा एवं नहरपारा की जनता ने विधायक मिश्रा व नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। विद्युत मंडल के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया गया है।





### सरस्वती पूजन एवं संगीत संध्या 2 फरवरी को

**रायपुर, 30 जनवरी।** आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर पण्डित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा पारंपरिक आयोजन किया जा रहा है। रविवार, 2 फरवरी शाम 4 बजे से संस्था ने व्यास भवन, बूढ़ापारा में भव्य सरस्वती पूजन एवं संगीत संध्या का आयोजिन किया है। समस्त उदीयमान एवं वरिष्ठ संगीत साधक, गुरूओं द्वारा वाग्देवी के सम्मुख स्वरांजलि अर्पित की जावेगी। संस्था के संयोजक दीपक व्यास ने कहा कि श्रोताओं के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था रखी गई है।

### बारात में बेटे के साथ बहू भी



**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के राजधानी में एक अनोखी बारात ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अग्रसेन धाम में रायपुर निवासी मुकेश गुप्ता के बेटे ऋषभ की बारात में एक नया परिवर्तन देखने को मिला। इस बारात में ऋषभ के साथ-साथ उनकी होने वाली पत्नी रुचि भी बराबर बैठकर बारात में शामिल हुईं। यह दृश्य देखकर लोगों ने परिवर्तन की इस पहल की सराहना की। मुकेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने यह फैसला अपने बेटे और बहू को बराबरी का दर्जा देने के लिए लिया है।

### जैतूसाव मठ में याद किए गए राष्ट्रपिता



**रायपुर, 30 जनवरी।** पुरानी बस्ती स्थित जैतूसाव मठ में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भजन रघुपति राघव राजा राम से हुई। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विद्यायक व पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम में अजय तिवारी, महेन्द्र अग्रवाल डॉ सुरेश शुक्ला, डॉ किशोर अग्रवाल, राम अवतार तिवारी संपादक छत्तीसगढ़ वांच मुरली मनोहर खण्डेलवाल, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, पी एन तिवारी राजेन्द्र माठे, राजेन्द्र चतुर्वेदी, सी के पाण्डे राजेश अग्रवाल शुकुन तिवारी रमा तिवारी कविता नत्थानी अजय सोनी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष दो मिनट मौन खड़े होकर उन्हें अद्राजंलि अर्पित की।

# घुसपैठियों को खदेड़ने की तैयारी

## राजधानी में 2 हजार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ



**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है. दुर्ग, कवर्धा के बाद अब राजधानी रायपुर में घुसपैठियों की पहचान की जा रही है. आज लगभग 2 हजार बाहरी संदेहियों को बसों में भरकर पुलिस लाइन लाया गया है, जहां पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है. एसएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी पुलिस लाइन पहुंचे हैं.

पुलिस ऐसे लोगों को उठाया है, जो शहर के अलग-अलग थाना इलाकों में बिना मुसाफिरी दर्ज कराए रह रहे थे. पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, नार्थ ईस्ट, बिहार, समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है. पुलिस आधार कार्ड मशीन से संदेहियों के डेटा को मैच कर रही. एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया, बाहरी संदिग्ध लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है. संदिग्ध पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# नामांकन पत्रों की जांच

## प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के लिए बनाई रणनीति

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 30 जनवरी।** रायपुर नगर निगम के पार्षद एवं महापौर पद के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की जांच का कार्य आज जिलाधीश कार्यालय में किया गया। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार सभी प्रत्याशियों के बी फार्म जमा कर दिए गए हैं तथा तीन फरवरी को घोषणा पत्र जारी कर दिया जाएगा।

जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह के निर्देश पर तथा प्रेक्षकों की उपस्थिति में महापौर पद के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की जांच का काम किया गया। इसके पश्चात अलग-अलग उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में 70 वार्डों के पार्षद पद के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की जांच का काम शुरू हो गया है। अधिकारियों के अनुसार आरक्षित वार्डों के लिए जाति प्रमाण पत्र, नगर निगम का अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाने का सर्टिफिकेट एवं चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा मांगा गया है। इसकी जांच चल रही है। यह जांच अपरान्ह 3 बजे तक चलेगी। 30 जनवरी को नाम वापसी की तिथि तय की गई है।

**बैठकों का दौर शुरू:** जिन प्रत्याशियों को भाजपा और कांग्रेस की टिकिट मिल गई है वे झंडा, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स एवं अपने चुनावी वादे तैयार कर रहे हैं। प्रत्याशी अपने मित्रों एवं सहयोगियों व शुभचिंतकों के साथ जीत की रणनीति बना रहे हैं। कांग्रेस एवं भाजपा के पदाधिकारियों की नजर अब बागियों पर लगी हुई है इसलिए बागियों को शहर से बाहर भेजा जाएगा।

### भाजपा का घोषणापत्र एवं कार्यकर्ता सम्मेलन 3 से

भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी के अनुसार भाजपा की कवर टीम बनाई गई है। जो कि बी फार्म सहित अन्य तकनीकी जानकारी देने के लिए उपलब्ध कराई गई है। विधिक सलाहकार तपेश गुप्ता के अनुसार सभी नामांकन पत्रों की जांच करा ली गई है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार चुनाव जीतने के लिए प्रत्येक वार्ड में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 3 फरवरी को भाजपा की गठित समिति द्वारा घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। इसके प्रमुख अमर अग्रवाल हैं। नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने एवं विकास कार्य को समर्पित घोषणा पत्र होगा। चुनाव जीतने के लिए झंडा वंदन कार्यक्रम भी होगा। भाजपा ने अपने सभी विधायकों, मंत्रियों को अलग-अलग स्थानों पर बतौर प्रेक्षक नियुक्त किया है। रायपुर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम संगठन के सभी पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं।

# अखबार वितरक गावेश साहू बना पार्षद प्रत्याशी

### नामांकन के बाद भी जारी रखी अपनी दिनचर्या

**रायपुर, 30 जनवरी।** कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 09 से 25 वर्षीय गावेश साहू को पार्षद प्रत्याशी बनाया है। साधारण परिवार से आने वाले गावेश पिछले 10 वर्षों से घर-घर अखबार बांटते आ रहे हैं और गौ सेवा में भी सक्रिय हैं। उनकी सादगी, मेहनत और सेवा भावना को देखते हुए कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताया है। चुनावी टिकट मिलने और नामांकन भरने के बाद भी गावेश ने अपनी दिनचर्या नहीं बदली। वे अब भी हर सुबह की तरह अखबार बांट रहे हैं और दिनभर अपने वार्ड में घर-घर जाकर जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। उनकी सादगी और समर्पण को देखते हुए वार्डवासियों में उत्साह है और वे बड़ी संख्या में उनका समर्थन कर रहे हैं।



# बागियों को मनाने का प्रयास

## पूर्व महापौर एजाज ढेबर की पत्नी भी बागियों से घिरी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 30 जनवरी।** रायपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे बागी प्रत्याशियों को मनाने का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस में इस समय भारी अंतर्कलह होने के कारण अधिकृत प्रत्याशी परेशान हैं। पूर्व महापौर एजाज ढेबर की पत्नी अंजुमन ढेबर को अब्दुल रउफ वार्ड से प्रत्याशी बनाया गया है। जिनके विरुद्ध चार से अधिक बागी प्रत्याशी मैदान में खड़े हो गए हैं।

भाजपा प्रवक्ता के अनुसार बागी प्रत्याशियों को मनाने के लिए वरिष्ठ नेताओं की टीम गठित की गई है। बागियों को भविष्य में पार्टी में उचित स्थान देने का वादा किया जा रहा है। महामाया मंदिर वार्ड में ममता नायक के चुनाव लड़ने से चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। यहां पर नरेन्द्र यादव की भाभी को टिकिट दिया गया है। यादव के अनुसार उन्हें मनाने का दौर जारी है। चूड़ामणि वार्ड में दीपक जायसवाल को भाजपा के बागी प्रत्याशी जवाहर सोनकर टक्कर देने के लिए खड़े हो गए हैं। स्थानीय विधायक राजेश मूणत की समझाइश के बाद वे भी नाम वापस नहीं ले रहे हैं। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड से सुशीला धीवर ने अपना नाम वापस ले लिया है। उनका कहना है कि अन्य लोगों को भी मौका देना चाहिए। महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड से भाजपा के अंबर अग्रवाल को टक्कर देने के लिए मनोज ठाकुर मैदान में उतर गए हैं। यहां से दाऊजी जितेंद्र अग्रवाल एक फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। अन्य वार्डों में भी यही स्थिति है। भाजपा ने 17 से अधिक पार्षदों का टिकिट काट दिया है जिसके कारण यहां पर बागियों का मनोबल ऊंचा हो गया है। पार्टी प्रवक्ता अमित चिमनानी के अनुसार मतदान की तिथि आते तक स्थिति सामान्य हो जाएगी।

कांग्रेस में अंतर्कलह

रामकृष्ण परमहंस वार्ड से चुनाव लड़ रहे श्रीकुमार मेनन का कहना है कि यहां से कांग्रेस के कई बागी प्रत्याशी मैदान में हैं। इसकी जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दे दी गई है। अब वे ही मोर्चा संभालेंगे। भगवती चरण शुक्ल वार्ड से चुनाव लड़ रहे पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड में उनकी पत्नी अंजुमन ढेबर को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। उनके विरुद्ध पार्टी के रोहित यादव सहित चार प्रत्याशी मैदान में खड़े हो गए हैं। सूर्यकांत राठौर रमण मंदिर वार्ड से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके विरुद्ध कांग्रेस के प्रत्याशी काफी दमदार हैं। राठौर का कहना है कि उन्हें कोई परेशानी नहीं है। समीर अख्तर राजीव गांधी वार्ड से आप से चुनाव लड़ रहे हैं। वे बागी प्रत्याशी हैं। भगवती चरण शुक्ल वार्ड से भी कई बागी प्रत्याशी मैदान में उतर गए हैं। वामनराव लाखे वार्ड से मन्नू विजेता यादव को कांग्रेस के बागी प्रत्याशी कृष्णा सोनकर और अधिकृत प्रत्याशी सरबजीत ठाकुर से सीधी चुनौती मिल रही है। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड से पूर्व भाजपा अध्यक्ष अशोक पांडेय की पत्नी को प्रत्याशी बनाया गया है। उनके विरुद्ध भी कई भाजपा नेता लामबंद हो गए हैं। हेमू कालाणी वार्ड से जसबीर ढिल्लन और बंटी वोरा बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे हैं। इससे यहां पर त्रिकोणीय संघर्ष होने की संभावना है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र और उत्तर विधानसभा में भी अभी घमासान मचा हुआ है। कल 31 जनवरी को नामवापसी की अंतिम तिथि है। अभी तक रायपुर में हजारों की संख्या में नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। सबसे ज्यादा नामांकन सामान्य वार्डों से भरे गए हैं।

### ईवीएम की विश्वसनीयता बनाए रखने जारी होगा वीडियो



विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इस समय ईवीएम को भी निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने वीवीपैट के उपयोग पर बल दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है कि आयोग द्वारा शीघ्र ही एक वीडियो जारी किया जाएगा जिसमें ईवीएम के साथ ही बैलेट यूनिट और अन्य चुनावी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता से उठ रहे सवाल का जवाब दे दिया जाएगा।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर वर्कशॉप

**रायपुर, 30 जनवरी।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर बीते 3 दशकों से, मरीज़ों के सर्वोत्तम इलाज को साथ हेल्थकेयर एक्ससीलेंस की एक बेहतरीन मिसाल है, जो मध्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित हॉस्पिटल्स की गिनती में आता है। यह हॉस्पिटल नवीनतम तकनीकों, ख़ास तौर से प्रशिक्षित डॉक्टर्स, नर्सेस और सपोर्ट स्टाफ की मौजूदगी में किफायती दरों पर उपलब्ध वर्ल्डक्लास डायग्नोसिस, ट्रीटमेंट और केयर के लिए जाना जाता है। यही नहीं यह हॉस्पिटल 300 से ज़्यादा रोबोटिक सर्जरी की उपब्धि के साथ रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में मध्य भारत में सबसे आगे है।

इसी कड़ी में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट व मिनिमल एक्सेस सर्जरी डिपार्टमेंट ने एजुकेशनल एक्टिविटी के रूप में शनिवार, 25 जनवरी को रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर एक लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें शहर के जाने-माने गायनेकोलॉजिस्ट्स के साथकरीब 100 गायनेकोलॉजिस्ट्स ने हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप का संचालन रोबोटिक सर्जन डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में गायनेकोजिस्ट्स डॉ. सुबुही नकवी व डॉ. चेतना रमानी के साथ लेप्रोस्कोपिक सर्जन्स डॉ. जव्वाद नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर और डॉ. विक्रम शर्मा ने किया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने बताया कि वर्तमान समय में मेडिकल ट्रीटमेंट और केयर के लिहाज से रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी सबसे क्रिटिकल सर्जरीज़ की गिनती में आती है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल इस तरह के लाइव वर्कशॉप्स समय-समय पर आयोजित कराता रहेगा ताकि मेडिकल स्टूडेंट्स और गायनेकोलॉजिस्ट्स को इसका लाभ मिलता।

### धान बेचने से वंचित पात्र किसानों को मिलेगा एक और टोकन

**रायपुर, 30 जनवरी।** शासन द्वारा निर्धारित टोकनों में किसी कारणवश अपना धान नहीं बेच पाने वाले किसानों को अपना बचत धान बेचने एक और अतिरिक्त टोकन मिलेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अन्बलगन पी ने बीते कल बुधवार को इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। धान खरीदी की निर्धारित तिथि 31 जनवरी समाप्त होने के कगार पर पहुंचने के बाद भी इस संबंध में आदेश जारी नहीं होने से ऐसे किसानों में आक्रोश व्याप्त था व वे लगातार शासन – प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर रहे थे। खाद्य सचिव अन्बलगन ने प्रदेश के सभी जिलाधीशों को जारी परिपत्र में टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये विभिन्न जिलों से आवेदन मिलने का हवाला देते हुये लिखा है कि इसके परिपेक्ष्य में बीते 25 जनवरी तक पंजीकृत किसानों से प्राप्त टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु प्राप्त आवेदन का समुचित परीक्षण कर धान क्रय करने हेतु खाद्य नियंत्रक/ खाद्य अधिकारी माड्यूल के जरिये एक अतिरिक्त टोकन जारी कर सकता है।

### जनसम्पर्क



**रायपुर, 30 जनवरी।** कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने आज विभिन्न वार्डों का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने डोर-टू-डोर प्रचार किया।



**रायपुर, 30 जनवरी।** भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल छगन चौबे ने आज विभिन्न वार्डों में जनसम्पर्क किया।

# चेंबर व आईआईटी भिलाई के बीच एमओयू

**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल दिनांक 28 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मध्य (एमओयु) समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुआ। आईआईटी भिलाई और छत्तीसगढ़ चेंबर का ऐतिहासिक समझौता राज्य के व्यापार और उद्योगों को नई दिशा देगा।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में व्यापार, उद्योग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने तथा व्यापार और नवाचार के नविन अवसरों को खोजने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मध्य ऐतिहासिक (एमओयु) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। पारवानी ने आगे बताया कि चेंबर की ओर से चेंबर पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, संजय चौबे एवं आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश जी, आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन( आईबीआईटीएफ) के सीईओ प्रशांत माथुर, विष्णु वैभव द्विवेदी, संतोष विश्वास ने हस्ताक्षर किए।




# संत कबीर ने अंधविश्वास व पाखंड मिटाने की थी पहलः मिश्र

**रायपुर, 30 जनवरी।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने ने संत कबीर आश्रम दुर्ग भिलाई द्वारा आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में अंधविश्वास एवं कबीर पर आयोजित व्याख्यान में कहा संत कबीर आडम्बर एवं पाखंड का पुरजोर विरोध करते रहे कबीर जीवन भर सभी धर्मो के अन्धविश्वास, जातिवाद, छुआछूत, पाखंड के खिलाफ लोगोंको जागृत करते रहे. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा आज भी देश में अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के कारण अक्सर अनेक निर्दोष लोगों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है, जिससे निदान के लिए संत कबीर के दिखाए मार्ग पर चल कर आम जन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास की अत्यंत आवश्यकता है. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कुछ लोग अंधविश्वास के कारण हमेंशा शुभ-अशुभ के फेर में पड़े रहते है। यह सब हमारे मन का भ्रम है। शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर ही है। किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाये, मेहनत, ईमानदारी से किया जाए तो सफ्लता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं व कुरीतियां अभी भी जड़े जमायी हुई है जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि व बाल विवाह जैसी परंपराएं व अंधविश्वास आज भी वजूद में है। जिससे प्रतिवर्ष अनेक मासूम जिन्दगियां तबाह हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ाने और तार्किक सोच को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि अंधविश्वास को कुरीतियों के विरूद्ध समाज के जागरूक लोगों को भी एकजुट होकर आगे आना चाहिए।



**टिकट वितरण से नाराज धमतरी जिला नगरी के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने आग लगाकर तोड़फोड़ की।**



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26